कोटद्वार, बुधवार
3 जुलाई 2024
वर्ष: 46
अंक: 70 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

लक्सर में सब्जी कारोबारी को दिनदहाड़े गोली मारी

रुड़की। कस्बे में फ्लाईओवर पर बदमाशों ने सब्जी कारोबारी को दिनदहाड़े गोली मार दी। गोली उसके पेट में लगी, जिसके चलते उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस बदमाशों की शिनाख्त करने के लिए भागदौड़ कर रही है। अभी तक सब्जी कारोबारी की किसी से रंजिश की बात सामने नहीं आई है। बसेड़ी खादर निवासी दानिश उर्फ भूरा (20 वर्ष) पुत्र चुन्नू रात को एक फैक्ट्री में ड्यूटी करता है। गरीब परिवार से होने के कारण दिन में वह सब्जी का कारोबार भी करता है। मंगलवार दोपहर एक बजे के आसपास वह बाइक पर गांव से लक्सर आ रहा था। कस्बे में फ्लाईओवर के ठीक बीचोंबीच पीछे से बाइक सवार दो युवक आए और उसे कुछ इशारा किया। उनकी बात सुनने को दानिश ने जैसे ही बाइक रोकी, वैसे ही उन्होंने दानिश के पेट से तमंचा सटाकर गोली मार दी। इससे दानिश बाइक सहित वहीं गिर गया। इसके बाद बदमाश फ्लाईओवर पर काफी ट्रैफिक होने के बावजूद आसानी से भाग गए। राहगीरों ने दानिश को तुरंत लक्सर सीएचसी भेजा। इस बीच सूचना पर दानिश के परिजनों के अलावा कस्बा चौकी प्रभारी अंशुल अग्रवाल भी पुलिस के साथ अस्पताल पहुंच गए। वहां से दानिश को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। हालांकि फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

पुलिस फ्लाईओवर के दोनों तरफ लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से गोली मारने वाले बदमाशों को पहचानने की कोशिश कर रही है। दानिश के परिजनो से पुलिस ने जो जानकारी ली है। उसके मुताबिक अभी तक दानिश या उसके परिवार की किसी से रंजिश की बात पता नहीं चली है। कोतवाल राजीव रौथाण ने बताया कि दानिश पर हमला क्यों हुआ और किसने किया, इसकी पूरी गंभीरता के साथ छानबीन की जा रही है।

अनंतनाग में आग लगने से 11 घर, सात दुकानें जलकर खाक

श्रीनगर ,दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के मेहमान मोहल्ला में सोमवार रात को लगी भीषण आग में 11 घर और सात दुकानें जलकर खाक हो गईं।

अग्निशमन एवं आपातकालीन अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि सोमवार देर रात करीब 02:50 बजे मेहमान मोहल्ला के भीड़भाड़ वाले रिहायशी सह व्यावसायिक इलाके में एक घर में आग लग गई, जिसमें 11 रिहायशी घर सह गोदाम और सात दुकानें जलकर खाक हो गईं। आग बुझाने के लिए अनंतनाग, मट्टन, बिजबेहरा, अचबल, सीर हमदान और शांगस इलाकों के अग्निशमन मुख्यालयों से करीब 12 दमकल गाडियां मौके पर पहुंचीं। पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं अग्निशमन सेवा के मैकेनिकल ड्राइवर इम्तियाज अहमद को आग बुझाने के दौरान फिसलने से हाथ में चोट लग गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

वेतन विसंगति की रिपोर्ट की जाए सार्वजनिक

देहरादून। लंबे समय से वेतन विसंगति समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक किए जाने की मांग को लेकर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने दबाव तेज कर दिया है।

अपर मुख्य सचिव कार्मिक आनंद बर्द्धन से मुलाकात में परिषद ने वेतन विसंगति भी दूर कर कर्मचारियों को राहत देने की मांग की। सचिवालय में एसीएस से मुलाकात में परिषद अध्यक्ष अरुण पांडे ने कहा कि वेतन विसंगति दूर करते हुए वेतन समिति की रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाए। ताकि कर्मचारियों को जो वेतन कम मिल रहा है, वो पूरा मिले। एरियर के रूप में पिछले बकाए का भी भुगतान सुनिश्चित किया जाए। गोल्डन कार्ड में ओपीडी में जन औषधि केन्द्रों से कैशलैश दवा और सुपर स्पेश्लिस्ट पंजीकृत अस्पतालों में कैशलेस जांच की जाए। राजकीय कार्यों को यात्रा में केंद्र सरकार की भांति 5400 ग्रेड पे प्राप्त कर रहे कर्मचारियों को हवाई यात्रा की सुविधा मंजूर की जाए। एलटीसी में अधिकतम 15 दिन और वास्तविक यात्रा के आधार पर अवकाश की व्यवस्था की जाए। वाहन भत्ता प्रतिमाह 1200 से बढाकर 2500 रुपए किया जाए। विभिन्न विभागों में पदोन्नति सेवा नियमावली एवं पुर्नगठन को मुख्य सचिव के स्तर पर बैठक आयोजित की जाएं।

हाथरस में मौत का सैलाब, गई 107 जाने

हाथरस । यूपी के हाथरस में बड़ा हादसा हुआ है। यहां हो रही भोले बाबा के सत्संग के दौरान मची भगदड़ में अब तक 107 लोगों की मौत हो गई है। सीएचसी पर हर तरफ लाशें दिख रही हैं। गिनती भी मुश्किल हो गई है।

यूपी के भोले बाबा के सत्संग के दौरान बड़ा हादसा हुआ है। सत्संग के दौरान मची भगदड़ में 107 लोगों की मौत की खबर है। मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं हैं। सौ से ज्यादा लोग गंभीर हैं। हाथरस के सिकंदराराऊ की सीएचसी पर स्थिति कंट्रोल में नहीं आ पा रही है। हर तरफ लाशें दिखाई दे रही हैं। लाशों की गिनती भी मुश्किल हो रही है। लगातार घायल भी आ रहे हैं। एंबुलेंस का तांता लगा हुआ है। आसपास के जिले के डाक्टर भी बुलाए गए हैं। दवा, ग्लूकोज का स्टाक मंगाया गया है। पीएम मोदी ने लोकसभा में ही हादसे पर दुख जताया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाथरस में हुए हादसे का संज्ञान लिया है। सीएम योगी ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है साथ ही घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। मुख्यमंत्री ने

जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। एडीजी आगरा जोन व कमिश्नर अलीगढ़ को घटना की जांच का निर्देश मुख्यमंत्री ने दिया है। चीफ सेक्रेटरी मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार हाथरस रवाना हो गए हैं।

बताया जाता है कि हाथरस के सिकंदराराऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव फुलराई में भोले बाबा का प्रवचन का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान उम्मीद से ज्यादा भीड़ आ गई थी। एक अनुमान के अनुसार सवा लाख लोग पहुंच गए थे। इसी दौरान लोग भीड़ के कारण परेशान होने लगे। भीड़ और गर्मी के कारण लोग बेहोश होने लगे तो भगदड़ मच गई। इसमें लोग जमीन पर गिरे तो उन्हें कुचलते हुए अन्य लोग निकलने लगे। सूचना पर पहुंचे पुलिस और प्रशासन के अफसरों ने सैकड़ों गंभीर लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

हाथरस हादसे पर वहां के डीएम एसपी पत्रकारों के सवालों से बचकर निकलते दिखाई दिए। मीडिया के सवाल पर कहा कि जांच चल रही है...जांच होगी...जांच में निकल आएगा...ये जांच का विषय है। रटा रटाया जवाब देकर डीएम आगे बढ़ गए। पत्रकारों ने जब सत्संग की अनुमति, राहत बचाव कार्यों में लापरवाही, संसाधनों के अभाव आदि पर सवाल पूछा तो जिलाधिकारी कुछ भी नहीं बोल सके। इतने बड़े आयोजन में पुलिस फोर्स की मौजूदगी नहीं होने पर भी एसपी कुछ नहीं बोल सके।

पीएम मोदी ने हादसे पर लोकसभा में ही शोक जताया। कहा कि यूपी के हाथरस में भगदड़ की खबर मिली है। उसमें अनेकों मौत की जानकारी आ रही है। हादसे में जिन लोगों की जान गई है, उनके प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। सभी घायलों के जल्द से जल्द ठीक होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में प्रशासन राहत और बचाव में जुटा हुआ है। केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी लगातार राज्य सरकार के संपर्क में हैं। सदन के माध्यम से भरोसा देता हूं कि पीड़ितों की हरसंभव मदद की जाएगी। हाथरस के सिकंदराराऊ की सीएचसी पर स्थिति कंट्रोल में नहीं आ पा रही है। हर तरफ लाशें दिखाई दे रही हैं। लाशों की गिनती भी मुश्किल हो रही है। लगातार घायल भी आ रहे हैं। एंबुलेंस का तांता लगा हुआ है। आसपास के जिले के डाक्टर भी बुलाए गए हैं। दवा, ग्लूकोज का स्टाक मंगाया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाथरस भगदड़ में हताहत हुए लोगों और उनके परिजनों के लिए आर्थिक सहायता का ऐलान किया है। मारे गए लोगों के परिजनों को सीएम योगी ने 2–2 लाख और घायलों को 50–50 हजार की आर्थिक सहायता देने का निर्देश दिया है। एडीजी आगरा और कमिश्नर अलीगढ़ के नेतृत्व में टीम गठित कर दुर्घटना के कारणों की जांच का निर्देश दिया है। 24 घंटे में जांच रिपोर्ट मांगी है। कार्यक्रम आयोजकों के विरुद्ध एफआईआर के साथ बड़ी कार्रवाई की तैयारी में प्रशासन है। सपा नेता शिवपाल यादव ने कहा कि हाथरस में सत्संग के दौरान मची भगदड़ में लोगों के निधन की सूचना अत्यंत दुःखद व स्तब्धकारी है। हर संभव चिकित्सा प्रदान करते हुए प्रशासन राहत कार्य जल्द पूर्ण करे और पीड़ित परिवारों को मुआवजा दे। ईश्वर मृतकों के परिजनों को शक्ति प्रदान करें व घायलों को जल्द स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

महिला ने बताया कैसे हुआ हादसा?

हाथरस । सत्संग में हिस्सा लेने पहुंची एक महिला ने बताया, ह्लहम कई लोगों के साथ एक गाड़ी में सत्संग में हिस्सा लेने पहुंचे थे. लेकिन अब हमें पता नहीं है कि कुल कितने थे, लेकिन मैं एक बात कह सकती हूं कि हमारे साथ कई लोग थे. सभी एक–दूसरे पर चढ़ रहे थे. एक दूसरे को धक्का दे रहे थे, जिसमें कई लोग दब गए. सत्संग समाप्त होने के बाद जब हम जा रहे थे, तभी लोग एक दूसरे को धक्का देने लगे. एक–दूसरे को कुचलने लगे. वहीं, सत्संग में हिस्सा लेने पहुंची ज्योति नाम की युवती ने भी वहां की स्थिति के बारे में विस्तार से बताया. उन्होंने कहा, ह्लहम कई लोगों के साथ सत्संग में हिस्सा लेने पहुंचे थे. वहां बहुत सारे लोग थे. शुरू में तो सब कुछ ठीक ही था, लेकिन सत्संग समाप्त होने के बाद सभी लोग एक दूसरे पर चढ़ गए. पता ही नहीं चला कि ये सब कैसे हो गया. हमें बाहर निकलने की जगह ही नहीं मिल पा रही थी. सत्संग में कई लोग शामिल थे, जिसमें कइयों की मौत हो चुकी है.

हाथरस भगदड़: सत्संग में जुटी थी सवा लाख से ज्यादा भीड़, एलआईयू ने पहले ही जताई थी हादसे की आशंका

हाथरस । हाथरस में भोले बाबा के सत्संग में मंगलवार को हुए हादसे ने हर किसी को झकझोर दिया है। हालांकि इसके बारे में अफसरों को पहले ही चेताया गया था। इसके बाद भी कोई एक्शन न लिया गया और इतना बड़ा हादसा हो गया। सत्संग में जरूरत से ज्यादा पहुंची भीड़ को देखकर एलआईयू ने अफसरों को सौंपी रिपोर्ट में किसी बड़ी घटना होने का अंदेशा जता दिया था, लेकिन इसके बाद भी अफसर मौन साधे बैठे रहे और श्रद्धालुओं में भगदड़ मच गई, जिसमें 107 श्रद्धालुओं की जान चली गई। हादसे के बाद अफसर चेते और मौके लिए रवाना हो गए। वहीं सीएम योगी ने भी घटना को संज्ञान में लेते हुए अफसरों से रिपोर्ट तलब कर ली है।

मंगलवार को सिंकरामऊकोतवाली क्षेत्र के फुलराई गांव में भोले बाबा साकार हरि के सत्संग का आयोजन किया गया था। हालांकि इस सत्संग के आयोजन की जानकारी प्रशासन को थी, लेकिन सत्संग में पहुंचे श्रद्धालुओं की संख्या कुछ और बताई गई थी। लेकिन सत्संग में जरूरत ज्यादा करीब सवा लाख श्रद्धालु पहुंच गए। सत्संग में पहुंचे श्रद्धालुओं की संख्या को देखकर एलआईयू ने किसी बड़ी घटना का अंदेशा जताया और इसकी रिपोर्ट बनाकर अफसरों को सौंप दी। इसके बाद भी अफसरों ने संज्ञान नही लिया। इस बीच भीषण गर्मी के चलते सत्संग में पहुंचे श्रद्धालुओं की धीरे–धीरे तबीयत बिगड़नी शुरू हो गई।तीन घंटे तक चले इस सत्संग में देखते ही देखते कई श्रद्धालु बेहोश होकर गिर गए। जैसे ही सत्संग खत्म हुआ तो श्रद्धालुओं में भगदड़ मच गई। भगदड़ में महिलाओं, बच्चों समेत कई लोग दब गए। श्रद्धालुओं के पैरों के नीचे दबकर 107 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। जैसे ही भगदड़ और श्रद्धालुओं की इतनी तादाद में मरने की खबर अफसरों को लगी तो फौरन मौके की तरफ दौड़ पड़े।

हाथरस हादसे की एडीजी आगरा जोन और कमिश्नर अलीगढ़ को सौंपी गई जांच

सीएम योगी ने हाथरस हादसे को संज्ञान में लेते हुए तुरंत अफसरों को मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए। साथ ही सीएम योगी ने एडीजी आगरा जोन और अलीगढ़ की कमिश्नर को हादसे की संयुक्त जांच की रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए। सीएम का आदेश पाते ही चीफ सेक्रेटरी से लेकर एडीजी, कमिश्नर मौके लिए रवाना हो गए।

चाय वाले का प्रधानमंत्री बनना हजम नहीं कर पा रही कांग्रेस-मोदी

नई दिल्ली ,संसद में संग्राम के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज एनडीए सांसदों के साथ बैठक की। बैठक में प्रधानमंत्री ने एनडीए सांसदों को संसदीय नियमों और संसदीय आचरण का पालन करने की अपील की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष एक गैर कांग्रेसी नेता का लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना बर्दाश्त नहीं कर पा रहा है। एनडीए सांसदों की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विपक्ष इस बात से परेशान है कि पहली बार एक गैर–कांग्रेसी नेता, वह भी एक चायवाला, लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बना है। संसदीय दल की बैठक में मोदी ने सांसदों को सदन में अपना आचरण ठीक रखने की नसीहत दी। सूत्रों के मुताबिक पीएम ने सांसदों से

एनडीए सांसद राहुल गांधी की तरह पेश न आएं

कहा कि वे लोकसभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तरह पेश न आएं। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने मीडिया को बैठक की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने राजग सांसदों को बताया कि हमें सदन में कैसा व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने गैर–जरूरी बयानबाजी से बचने की सलाह दी है। बैठक में प्रधानमंत्री ने विपक्ष विशेषकर कांग्रेस को जमकर घेरा। पीएम मोदी ने कहा कि कुछ?लोग बेचैन हो गए हैं क्योंकि जवाहरलाल नेहरू के बाद कोई भी प्रधानमंत्री लगातार तीन बार जीत हासिल नहीं कर सका, जोकि एक चाय बेचने वाले ने हासिल की थी।

प्रधानमंत्री ने नए सांसदों से अपील की कि वे ज्यादा से ज्यादा संसद की कार्यवाही में हिस्सा लें। अपने लोकसभा क्षेत्र के विषयों को उठाएं। सभी सांसदों को देश सेवा को सवोपरि रखना है। सांसदों को अपना व्यवहार और आचरण ठीक रखना चाहिए।

आईएएस अमित किशोर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के निजी सचिव नियुक्त

नई दिल्ली , आईएएस अधिकारी अमित किशोर को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का निजी सचिव नियुक्त किया गया है।

कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा इस बाबत पत्र जारी किया गया है। पत्र में कहा गया है कि किशोर पदभार ग्रहण करने की तिथि से पांच वर्ष की अवधि के लिए या सह–अवधि के आधार पर या जब तक वह इस पद पर कार्य करना बंद नहीं कर देते, राजनाथ सिंह के निजी सचिव के रूप में कार्य करेंगे। यूपी कैडर के 2011 बैच के आईएएस अधिकारी अमित किशोर यूपी के देवरिया जिले के जिलाधिकारी रहने के साथ–साथ एटा जिले के डीएम रह चुके हैं। उसके बाद बाद उनका तबादला बतौर एमडी, साउथर्न इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कार्पोरेशन में हुआ था।

सीएम घोषणाओं के सम्बन्ध में प्रत्येक विभाग की अलग –अलग समीक्षा की जाएगी : मुख्य सचिव

देहरादून। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी विभागीय सचिवों को कड़े शब्दों में स्पष्ट किया है कि जल्द ही मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणाओं के सम्बन्ध में प्रत्येक विभाग की अलग –अलग समीक्षा की जाएगी। मा0 मुख्यमंत्री जी घोषणाओं के सम्बन्ध में एक दिन में मात्र एक ही विभाग की विस्तृत व गहन समीक्षा की जाएगी। सीएस ने सभी विभागों को इस सम्बन्ध में अपनी सभी तैयारियां समय से पूरी रखने के कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस विषय में किसी भी प्रकार के विलम्ब, लापरवाही या अपूर्ण तैयारी ना करने की सख्त हिदायत दी है। उन्होंने मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणाओं के कार्यान्वयन के सम्बन्ध में सम्पूर्ण डाटा समय से सीएम पोर्टल पर अपलोड करने तथा स्थान्तरित की जाने वाली घोषणाओं की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरा करने के भी निर्देश दिए हैं। सीएस

राधा रतूड़ी ने मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणाओं के कार्यान्वयन को शीर्ष प्राथमिकता तथा गम्भीरता से लेने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने मंगलवार को सचिवालय में मा0 मुख्यमंत्री जी की विधानसभा चम्पावत से सम्बन्धित 174 घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी चम्पावत को नियमित रूप से मुख्यमंत्री जी की घोषणाओं की समीक्षा के निर्देश दिए हैं। सीएस ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणाओं के कार्य कब तक पूरे कर लिए जाएंगे यह जिलाधिकारी द्वारा तत्काल स्पष्ट किया जाए।

अफसर विद्युत उत्पादन बढ़ाने की दिशा में तेजी से कार्य करें : धामी

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में ऊर्जा विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य में विद्युत उत्पादन बढ़ाने की दिशा में तेजी से कार्य किये जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 05 साल में प्रदेश में विद्युत उत्पादन दोगुना करने के लिए तीनों निगमों यूपीसीएल, यूजेवीएनएल और पिटकुल को समन्वय के साथ कार्य करें। तीनों निगमों को समयबद्धता के साथ परियोजनाओं को पूर्ण करने के भी निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य निर्माण की मूल अवधारणा में ऊर्जा और पर्यटन रहा है। ऊर्जा के क्षेत्र में राज्य में तेजी से कार्य करने की जरूरत बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्षाकाल को ध्यान में रखते हुए सभी ट्रांसफार्मर का सेफ्टी ऑडिट भी किया जाए। राज्य में तेजी से स्थापित हो रहे औद्योगिक संस्थानों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए विद्युत उत्पादन बढ़ाने की दिशा

में तेजी से प्रयास किये जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में जिन लघु जल विद्युत परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है, उन्हें तेजी पूर्ण किया जाए। सरकारी भवनों में सोलर रूफटॉप के माध्यम से विद्युत उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना से अधिक से अधिक युवाओं को स्वरोजगार मिले, इस दिशा में और प्रयास किये जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि राज्य में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लोगों को अधिक से अधिक मिले। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि नये बिजली घरों के निर्माण तथा ट्रांसमिशन लाईन अपडेट करने की कार्यवाही में तेजी लाई जाए। लाईन लॉस को कम करने के लिए भी प्रभावी योजना पर कार्य किये जाने एवं विद्युत लाईनों को भूमिगत किये जाने की योजनाओं पर तेजी से कार्य करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये हैं। बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य में 121 मेगावाट क्षमता की 06 लघु जलविद्युत परियोजनाएं आवंटित की गई हैं, जिनमें से 24 मेगावाट की मेलेखेत और 21 मेगावाट की खुटानी जल विद्युत परियोजना दिसम्बर 2026 तक पूर्ण हो जायेंगी, जबकि 22.80 मेगावाट की बर्नीगाड और 06 मेगावाट की रयात जल विद्युत परियोजना पर आगामी दो वर्षों में कार्य आरंभ किया जायेगा। राज्य में पम्प स्टोरेज प्रोजक्ट के तहत 200 मेगावाट की लखवाड़-ब्यासी, 150 मेगावाट की ब्यासी-कट्टा पत्थर और 168 मेगावाट की कालागढ़ परियोजना पर प्रारंभिक फिजीबिलिटी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। 01-01 मेगावाट की तिलोथ, खटीमा और ढ़करानी बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम के तहत विकसित किये जा रहे है।

विद्युत विभाग की लापरवाही से दो सगे किसान भाइयों की मौत

सुलतानपुर । विद्युत विभाग की लापरवाही से दो सगे किसान भाइयों की करंट के चपेट में आने से मौत हो गई है। हादसे में एक किशोरी झुलस गई है जिसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। घटना मंगलवार को चांदा थानाक्षेत्र के सोनावा गांव में घटित हुई। गांव निवासी छोटे लाल यादव (60 वर्ष) पुत्र कालू यादव खेत देखने के लिए मंगलवार सुबह गए थे। उनके खेत के पास ही वो विद्युत विभाग के लगे बिजली के खम्भे पर लटक रहे तार के करंट की चपेट में आ गए। उन्होंने मदद के लिए गुहार लगाया इस पर छोटा भाई रामदीन यादव व उनकी नातिन अर्चना दौड़ी। रामदीन व अर्चना छोटे लाल को पकड़ते ही करंट की चपेट में आ गए। इसमें छोटे लाल व रामदीन की घटनास्थल पर मौत हो गई। ग्रामीणो ने घटना की सूचना चांदा पुलिस को दी।

थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और झुलसी अर्चना (17) को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पीपी कमैचा भिजवाया जहां उसका इलाज चल रहा है।

महाराष्ट्र पासपोर्ट रैकेट मामले में सीबीआई ने की छापेमारी

1.59 करोड़ रुपये जब्त

मुंबई ,केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मंगलवार को एक पासपोर्ट एजेंट के घर और दफ्तर पर छापेमारी की। इस कार्रवाई में टीम ने 1.59 करोड़ रुपये नकद बरामद किए हैं। सीबीआई ने यह छापेमारी पिछले हफ्ते पकड़े गए इस बड़े घोटाले की जांच के सिलसिले में की है। छापेमारी में पांच डायरियां और डिजिटल गैजेट भी बरामद हुए हैं, जिनकी जांच की जा रही है।

सीबीआई ने पिछले वीकेंड महाराष्ट्र में 33 स्थानों पर छापेमारी की और श्विश्वत के बदले संदिग्ध पासपोर्ट जारी करने के कथित रैकेट में 32 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया। सीबीआई ने शिकायतों के बाद नासिक के अलावा मलाड और लोअर परेल स्थित पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीएसके) के 14 पासपोर्ट विभाग अधिकारियों के खिलाफ मुंबई तथा नासिक में 12 केस दर्ज किए और मंगलवार को विभिन्न स्थानों

पर छापेमारी की। जिन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है उनमें पासपोर्ट सेवा केंद्रों के 14 पासपोर्ट सहायक और वरिष्ठ पासपोर्ट सहायक शामिल हैं। इनके अलावा शेष 18 एजेंट/दलाल हैं। यह सभी भ्रष्ट गतिविधियों में लिप्त हैं।

आरोपी एक–दूसरे के साथ संपर्क में थे। उन्होंने उनके साथ मिलकर कथित रूप से अपर्याप्त/अधूरे दस्तावेजों के साथ संदिग्ध पासपोर्ट जारी करवाने या पासपोर्ट आवेदकों के व्यक्तिगत डिटेल में हेरफेर करने की साजिश रची थी।

नीट परीक्षा मामले पर सुप्रीम कोर्ट में 8 जुलाई को होगी सुनवाई

लग रहीं ताबड़तोड़ याचिकाएं; मामला गरमाया

नई दिल्ली। नीट परीक्षा विवादों से घिरी मेडिकल में प्रवेश की राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–स्नातक (नीट–यूजी) से जुड़ी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट आठ जुलाई को सुनवाई करेगा। इनमें पांच मई को हुई परीक्षा में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली तथा इसे नए सिरे से कराए जाने का अनुरोध करने वाली याचिकाएं शामिल हैं।

इन 26 याचिकाओं पर होगी सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर आठ जुलाई के लिए अपलोड वाद सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पार्डीवाला एवं

जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ 26 याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। उल्लेखनीय है कि देशभर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा नीट–यूजी आयोजित की जाती है।

चंबा में शुरू हुआ भूस्खलन क्षेत्र का ट्रीटमेंट

नई टिहरी : बीते साल 21 अगस्त को एनएच के चंबा-टिहरी मोटर मार्ग पर चम्बा थाने के ऊपर टैक्सी स्टैंड पर भारी भूस्खलन में पांच लोग मलबे में दब गए थे, साथ ही परिसंपत्तियों को भारी नुकसान हुआ था। डीएम ने भारी भूस्खलन के चलते संवेदनशील हुए क्षेत्र के ट्रीटमेंट के लिए टीएचडीसी को डिटेल प्लान बनाकर उपलब्ध कराने को कहा था। टीएचडीसी ने सहयोग करते हुए 1.05 करोड़ का प्लान तैयार कर भूमि पूजन के साथ कार्य शुरू कर दिया है। डीएम ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर आपदा और खनन न्यास आदि मदों से सभी कार्यों को पूरा किया जायेगा। टीएचडीसी का कहना है कि दो माह के अंदर कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। (एजेंसी)

पलायन रोकने के लिए फ्यूचर विजन के साथ करें काम : महाराज

- लोगों को अवसरों, संसाधनों, सेवाओं से जोड़ने के लिए करें काम
- प्रशिक्षण से पूर्व ग्रामीण निर्माण मंत्री ने दिये सहायक अभियंताओं को टिप्स

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : स्थानीय स्तर पर लोगों के साथ प्रभावी संचार के साथ-साथ उनकी आवश्यकताओं को समझ कर हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि सरकार की परियोजनाएं वास्तव में उनके लिए लाभकारी हैं। पहाड़ से पलायन को रोकने के लिए फ्यूचर विजन के साथ काम करें। उक्त बात प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने मंगलवार को ग्रामीण निर्माण विभाग के मुख्यालय में आयोजित एक बैठक के दौरान नव नियुक्त सहायक अभियंताओं के प्रशिक्षण की शुरुआत से पूर्व उनके विभागीय उत्तर दायित्वों के निर्वाह के प्रति उनका मार्गदर्शन करते हुए कही। ग्रामीण निर्माण मंत्री श्री महाराज ने विभाग में 25 नव नियुक्त सहायक अभियंताओं को प्रदेश सरकार के विजन, विभागीय योजनाओं और उसकी कार्य प्रणाली की जानकारी देते हुए कहा कि नवनियुक्त सहायक अभियंताओं के करियर की यह एक नई शुरुआत है। यह उनके समर्पण चुनौतियों और महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां की यात्रा है।

प्रदेश के विकास के लिए जो सही है वही करें। श्री महाराज ने कहा कि आज ग्रामीण क्षेत्रों के विकास, क्षेत्रीय विकास के संतुलन और शहरी ग्रामीण विभाजन को कम करने की आवश्यकता है। बुनियादी ढांचे का विकास केवल सड़कों और पूलों के निर्माण से ही नहीं होगा बल्कि लोगों को अवसरों, संसाधनों और सेवाओं से जोड़ने की आवश्यकता है। एक सहायक अभियंता के रूप में आपकी कई जिम्मेदारियां हैं जैसे

परियोजनाओं की अवधारणा से लेकर उनकी पूर्णता, प्रत्येक परियोजनाओं को सटीकता के साथ बजट के भीतर और समय पर पूरा किया जाना। साथ ही आपको यह भी सुनिश्चित करना होगा कि सभी निर्माण कार्य उच्चतम गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों को पूरा करें। ग्रामीण निर्माण मंत्री ने कहा कि हमें दूरस्थ क्षेत्रों में अपनी पहुंच इस प्रकार से सुनिश्चित करनी है, ताकि बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को भी कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस बात का ध्यान रखना होगा कि वह केवल संरचनाओं का निर्माण ही नहीं कर रहे हैं बल्कि अपने राज्य के लिए एक उज्जवल समृद्धि भविष्य की नींव भी रख रहे हैं।

संपादकीय

भ्रष्ट अधिकारियों पर नकेल

पिछले कुछ दिनों में उत्तराखंड के सतर्कता विभाग में कुछ ऐसे बड़े मामले उजागर किए हैं जो यह सोचने के लिए विवश कर देते हैं की पब्लिक डीलिंग से जुड़े हुए विभाग क्या वाकई पारदर्शिता से अपना कार्य कर रहे हैं? भ्रष्टाचार उन्मूलन को लेकर धामी सरकार पहले ही दिशा निर्देश जारी कर चुकी है और स्वयं मुख्यमंत्री पुरस्कार सिंह धामी ने विभागों में भ्रष्टाचार को लेकर अपने कार्य करने के तरीके उजागर किए हुए हैं। किसी भी प्रकार की भ्रष्टाचार की शिकायत के लिए न केवल सरकारी पोर्टल बल्कि दूसरे प्लेटफार्म पर भी शिकायत करने की व्यवस्था की गई है। पुलिस को भी भ्रष्टाचार के मामलों पर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं लेकिन बावजूद इसके पिछले कुछ दिनों में जिस प्रकार के बड़े मामले सामने आए हैं एवं उनमें बड़े अफसरों की संलिप्तता पाई गई है वह प्रशासनिक व्यवस्था की भी पोल खोलती है। सरकार के राजस्व का एक बड़ा साधन जीएसटी व्यवस्था है जिसमें भी भ्रष्टाचार के रास्ते अधिकारियों ने खोज लिए हैं। अधिकारियों की मिलीभगत ने जीएसटी को "एडजस्ट" करने के नाम पर लाखों करोड़ों रुपए डकारने की भी राह तलाश ली है, और इसी कड़ी में हाल ही में आल्हा दर्जे के एक जीएसटी अधिकारी को रिश्वत के साथ गिरफ्तार किया गया। अभी यह मामला ठंडा भी नहीं हुआ था कि अब सरकारी राजस्व अर्जित करने का एक बड़ा विभाग आबकारी महकमे में भी रिश्वतखोर अधिकारी को बेनकाब किया गया है। इस बार जिला आबकारी अधिकारी सतर्कता टीम के हाथ लगा है जो एक ठेकेदार से बकाया अधिभार राशि के नाम पर रिश्वत लेता हुआ पकड़ा गया। स्पष्ट है कि सरकार की लाख कोशिशें के बावजूद सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार की तूती बोल रही है ऐसे कुछ मामले तभी सामने आते हैं जब कुछ साहसी लोग आगे आकर ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों की शिकायत करते हैं। अन्यथा यह खेल तो न जाने कितने लंबे समय से चलता आया है और आगे भी चलता रहेगा। बिना जन सहयोग एवं शिकायतकर्ता के भ्रष्टाचार पर लगाम कसना असंभव कार्य है लेकिन यहां सरकार को भी विभागीय स्तर पर ऐसी खुफिया टीम में तैयार करनी चाहिए जो विभागों में चल रहे भ्रष्टाचार की जानकारियां मुख्यमंत्री तक पहुंचा सके। आज भी जनता से जुड़े विभागों में बिना लेनदेन के कार्य कराना आसान नहीं है, जितना बड़ा काम उतनी बड़ी डीलिंग। अधिकांश मामलों में देने वाला भी खुश और लेने वाले तो मानो हाथ फैलाए बैठा है। सरकार भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करने को स्वीकृत संकल्प बैठी है लेकिन जब तक खुद शिकार करता सामने नहीं आएंगे तब तक यह काला खेल रुकने वाला नहीं है लेकिन इतना स्पष्ट है कि विभागों में भ्रष्टाचार की गाड़ी काफी तेजी से दौड़ रही है और इस पर ब्रेक लगाना दूर की कौड़ी ही साबित हो रही है।

खतरनाक लोग एक–दूसरे के करीब

पुतिन की यात्रा, नए आयाम कायम करने की दिशा में पहला कदम है। क्रेमलिन द्वारा जारी एक नोट के अनुसार, दोनों नेता एक दूसरे के साथ अनौपचारिक बातचीत में काफी समय बिताएंगे। वे दोनों देशों पर पश्चिम द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों से निपटने के तरीकों और सुरक्षा व अर्थव्यवस्था के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा करेंगे। दोस्ती के सारे नाटक के बावजूद, सच यह है कि दोनों देश एक–दूसरे को फूटी आँखों नहीं सुहाते। मगर इन दोनों के बीच बढ़ता भाईचारा दुनिया के लिए महत्वपूर्ण है और खतरे की घंटी भी। महत्वपूर्ण इसलिए क्योंकि जहाँ रूस से लड़ाई जारी रखने के लिए यूक्रेन को हथियार आदि सप्लाई करने के मुद्दे पर पश्चिम के खेमे में विवाद और मतभेद हैं, वहीं उत्तर कोरिया, रूस के भाई की भूमिका बहुत अच्छे से निभा रहा है। यह दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण मगर सच है कि किम जोंग अपने बड़े भैया पुतिन की हर तरह से मदद कर रहे हैं ताकि वे युद्ध लड़ते रहें और युद्ध का इलाका बढाते रहें। उत्तर कोरिया ने सोवियत संघ के दौर की तोपों और टैंकों में इस्तेमाल होने वाले दसियों लाख गोला–बारूद रूस को उपलब्ध करवाए हैं। साथ ही उसने रूस को बैलिस्टिक मिसाइलें और युद्ध में काम आने वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी निर्यात किये हैं। इससे यूक्रेन में रूस के सैन्य अभियान को मदद मिली है। उत्तर कोरिया की केन्द्रीय न्यूज़ एजेंसी के लिए लिखे गए एक लेख में पुतिन ने किम और उत्तर कोरिया की तारीफों के पुल बांधे हैं। उन्होंने कहा है कि उत्तर कोरिया, यूक्रेन में युद्ध में मजबूती से रूस के साथ खड़ा है।

श्रुति व्यास

दुनिया बदल रही है, पलट रही है और युद्धों में उलझ रही है। वही वह प्रजातंत्र और उसकी भाषा से दूर खिसक रही है। नतीजतन 'राईट' (दक्षिणपंथ) को 'राईट' (सही) साबित करने पर आमादा है। पुराने दोस्त, दोस्ती का लबादा ओढ़े जहां दुश्मनी निभा रहे हैं तो पुराने दुश्मनों में गलबहियां हो रही हैं। दुनिया के लिए, हम सबके लिए, खतरनाक लोग एक–दूसरे के करीब आ रहे हैं। उनकी सोच और इरादे एक से हैं इसलिए वे दोस्त बन नए गठबंधन बना रहे हैं।

बुधवार की सुबह आप सब अपने मोबाइल की स्क्रीन पर देख सकेंगे कि एक से डीलडौल वाले उन दो उम्रदराज लोगों को, जो सोच और मिजाज़ में एक से हैं। तब उनके चेहरे और उनकी आँखें चमक रही होंगी। वे या तो एक दूसरे से गर्मजोशी से हाथ मिला रहे होंगे या गले मिल रहे होंगे। उनके नख से शिख तक दुष्टता टपक रही होगी। पश्चिम और सारी दुनिया के लिए उनका एक ही सन्देश होगा, "हम से बच कर रहो"।

कल व्लादिमीर पुतिन अपने अज़ीज़ दोस्त, अपने प्यारे भाई की धरती प्योंगयांग पर होंगे। पुतिन पिछले 24 सालों में पहली बार उत्तर कोरिया जा रहे हैं। जाहिर है कि रूसी तानाशाह के शानदार स्वागत करने में उत्तर कोरिया का तानाशाह कोई कोरकसर बाकी नहीं रखेंगा। किम योंग यह नहीं भूले होंगे कि रूस की उनकी दो पिछले यात्राओं के दौरान पुतिन ने उनके लिए लाल कालीन बिछाया था।

दोनों नेताओं को एक–दूसरे से जोडने़ वाला एक तार है। और यह तार उन्हें एक दूसरे का पूरक भी बनाता है। दोनों खलनायक हैं और इसलिए दोनों में अच्छी पटेगी। दूसरे, दोनों दुनिया से अलग–थलग है। इसलिए अपने अकेलेपन को दूर करने में एक–दूसरे के मददगार बन सकते हैं। दुनिया दोनों पर तरह–तरह के प्रतिबन्ध लगा कर परेशान कर रही है। ऐसे में भला वे मिलकर पलटवार क्यों न करें?

उत्तर कोरिया में रूस के राजदूत एलेग्जेंडर मात्सगोर ने शायद भविष्य को ध्यान में रख कर ही कहा है कि यह साल दोनों देशों के बीच भागीदारी के नए आयाम स्थापित करेगा।

पुतिन की यात्रा, नए आयाम कायम करने की दिशा में पहला कदम है। क्रेमलिन द्वारा जारी एक नोट के अनुसार, दोनों नेता एक दूसरे के साथ अनौपचारिक बातचीत में काफी समय बिताएंगे। वे दोनों देशों पर पश्चिम द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों से निपटने के तरीकों और सुरक्षा व अर्थव्यवस्था के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा करेंगे।

दोस्ती के सारे नाटक के बावजूद, सच यह है कि दोनों देश एक–दूसरे को फूटी आँखों नहीं सुहाते। मगर इन दोनों के बीच बढ़ता भाईचारा दुनिया के लिए महत्वपूर्ण है और खतरे की घंटी भी।

महत्वपूर्ण इसलिए क्योंकि जहाँ रूस से लड़ाई जारी रखने के लिए यूक्रेन को हथियार आदि सप्लाई करने के मुद्दे पर पश्चिम के खेमे में विवाद और मतभेद हैं, वहीं उत्तर कोरिया, रूस के भाई की भूमिका बहुत अच्छे से निभा रहा है।

यह दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण मगर सच है कि किम जोंग अपने बड़े भैया पुतिन की हर तरह से मदद कर रहे हैं ताकि वे युद्ध लड़ते रहें और युद्ध का इलाका बढाते रहें। उत्तर कोरिया ने सोवियत संघ के दौर की तोपों और टैंकों में इस्तेमाल होने वाले दसियों लाख गोला–बारूद रूस को उपलब्ध करवाए हैं। साथ ही उसने रूस को बैलिस्टिक मिसाइलें और युद्ध में काम आने वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी निर्यात किये हैं। इससे यूक्रेन में रूस के सैन्य अभियान को मदद मिली है। उत्तर कोरिया की केन्द्रीय न्यूज़ एजेंसी के लिए लिखे गए एक लेख में पुतिन ने किम और उत्तर कोरिया की तारीफों के पुल बांधे हैं। उन्होंने कहा है कि उत्तर कोरिया, यूक्रेन में युद्ध में मजबूती से रूस के साथ खड़ा है।

बदले में रूस ने भी बड़े भैया के कर्त्तव्य निभाए। उसने उत्तर कोरिया को सहायता भी दी और समर्थन भी। अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों और उसके बाद महामारी के दौर में पुतिन ने किम का पूरी तरह साथ दिया। रूस के साथ व्यापार के चलते उत्तर कोरिया की अर्थव्यवस्था में स्थिरता आई। पिछले कुछ महीनों में कृषि, संस्कृति, सुरक्षा और तकनीकी जैसे मामलों के विशेषज्ञों के अनेक प्रतिनिधिमंडलों का दोनों देशों में आना–जाना हुआ है। ऐसा बताया जाता है कि उत्तर कोरिया में पर्यटन भी खूब फलफूल रहा है क्योंकि व्लादिवोस्तोक में ट्रेवल एजेंसियां पूरी दुनिया से कटे उत्तर कोरिया को गर्मी की छुट्टियाँ मनाने के लिए आदर्श स्थल के रूप में प्रचारित कर रही हैं। इस सबसे किम योंग की उनके देश में लोकप्रियता बढ़ी है।

मगर दोनों देशों की दोस्ती केवल एक–दूसरे की मदद करने तक सीमित नहीं है। उत्तर कोरिया वैश्विक स्तर पर रूस बनाम पश्चिम टकराव में रूस का ख़ास प्यादा है। वह अमेरिका के लिए एशिया में उसकी रणनीति को लागू करना कठिन बनाता आ रहा है तो रूस बहुराष्ट्रीय संगठनों में उत्तर कोरिया की मदद करता है। अभी हाल में रूस ने संयुक्त राष्ट्रसंघ में एक प्रस्ताव को वीटो किया था जिसमें उत्तर कोरिया पर लगाए गए प्रतिबंधों की निगरानी करने वाले 'पैनल ऑफ़ एक्सपर्ट्स' के कार्यकाल को बढ़ाने का प्रस्ताव किया गया था। उत्तर कोरिया के साथ नजदीकी बढाकर, रूस यह सुनिश्चित करना चाहता है कि दक्षिण कोरिया, जो हथियारों का बड़ा निर्माता है, यूक्रेन को सीधे हथियार न सप्लाई कर सके।

पुतिन और किम की भागीदारी भले ही लेनदेन पर आधारित लगे मगर रूस और उत्तर कोरिया के लिए रणनीतिक कारणों से भी एक–दूसरे के साथ मिलकर काम करना ज़रूरी है।

कुल मिलाकर, दोनों देश पश्चिम के नेतृत्व वाले गुट, जो नियम–कानूनों पर आधारित उदारवादी वैश्विक व्यवस्था के पक्षधर है, के बरक्स एक वैकल्पिक राजनैतिक, आर्थिक और साझा सुरक्षा पर आधारित गुट खड़ा करने का प्रयास हैं। इसमें चीन और ईरान भी शामिल हैं। भू–रणनीतिक दृष्टि से उत्तर कोरिया के लिए यह अच्छा ही है कि अमेरिका यूक्रेन में फंसा रहे और इस बीच वह अपने मिसाइल और परमाणु कार्यक्रमों को आगे बढ़ा सके। मास्को चाहता है कि कोरियाई प्रायद्वीप अमरीका के लिए चिंता का सबब बना रहे ताकि अमेरिका केवल यूक्रेन युद्ध पर फोकस न कर सके।

दोनों देशों की बीच नजदीकियां निश्चित तौर पर बढ़ रही हैं। मगर मुद्दे की बात यह है कि क्या पुतिन अपने मित्र की हथियार निर्माण परियोजना और विशेषकर उनके परमाणु कार्यक्रम का पूरी तरह समर्थन करेंगे? बताया जाता है कि किम का मानना है कि रूस और उनके देश के बीच सैन्य सहयोग उतना व्यापक और गहरा नहीं है जितना वे चाहते हैं। कुछ ज्ञानीजनों का मानना है कि पुतिन, किम का इस्तेमाल केवल तब तक करेंगे जब तक यूक्रेन में युद्ध चलेगा और वे उत्तर कोरिया की खातिर बिग ब्रदर चीन को नाराज़ नहीं करेंगे।

दरअसल, चीन ही यह तय करेगा कि रूस और उत्तर कोरिया के बीच सहयोग कितना व्यापक और गहरा हो। अब तक तो शी जिनपिंग यूक्रेन में लडने़ के लिए रूस को कोई ख़ास फौजी मदद मुहैय्या करवाने से बचते रहे हैं और वे उत्तर कोरिया के मिसाइल और परमाणु कार्यक्रम का भी समर्थन नहीं कर रहे हैं।

इसके बावजूद, रूस और उत्तर कोरिया के बीच बढ़ती नजदीकियां और दुष्ट राष्ट्रों का त्रिकोण (अर्थात उत्तर कोरिया, चीन और रूस बनना दुनिया के लिए शुभ नहीं है।

सरकार किसी किस्म के समझौते के मूड में नहीं

अजीत द्विवेदी

लोकसभा चुनाव, 2024 के नतीजों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कम से कम दो बार कहा कि सरकार बहुमत से बनती है लेकिन सर्वमत से चलती है। उन्होंने संकेत दिया था कि उनकी तीसरी सरकार संसद के अंदर और बाहर भी आम सहमति के साथ काम करेगी। लेकिन पहले सत्र से ही ऐसा होता नहीं दिख रहा है। ऐसा लग रहा है कि सर्वमत की सिर्फ बातें हैं और असल में सरकार बहुमत से ही चलेगी। शुरुआती लक्षण सरकार के उसी अंदाज में काम करने के हैं, जिस अंदाज में पहले 10 साल नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री के तौर पर काम किया है। आगे होने वाले राज्यों के चुनावों में भाजपा का प्रदर्शन खराब हो और तब पार्टी के अंदर और बाहर से दबाव बढ़े तो अलग बात है। लेकिन उससे पहले सरकार किसी किस्म के समझौते के मूड में नहीं है। सरकार का कामकाज पुराने अंदाज में ही होता लगता है।

ऐसा लग रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसी भी तरह से सरकार के या खुद के कमजोर होने का मैसेज नहीं बनने देना चाहते हैं। वे यह संदेश देना चाहते हैं कि वे पहले की तरह निर्णय करने वाले मजबूत नेता हैं और भले भाजपा की सीटें कुछ कम हो गई हैं लेकिन इससे वे कमजोर नहीं हुए हैं। उनको पता है कि अगर सरकार के या उनको कमजोर होने की धारणा बनी तो सहयोगी पार्टियों का दबाव बढ़ेगा, जिससे उनकी पसंद के फैसले करने होंगे। पार्टी के अंदर से आवाजें उठनी शुरू होंगी, जिससे निपटना आसान नहीं होगा और अगर एक बार विपक्ष के मुंह में खून लग गया तो हर मसले पर वह सरकार को झुकाने या आम सहमति बनाने के लिए बाध्य करेगी। तभी 'बिल्ली पहली रात को मारी जाती है' वाली कहावत के हिसाब से नरेंद्र मोदी ने तमाम विरोध और दबावों को पहले सत्र में ही दरकिनार कर दिया। उन्होंने बता दिया कि सरकार पुराने ढर्रे पर ही चलती रही है। हालांकि राज्यों के चुनाव नतीजों से इस स्थिति में बदलाव आ सकती है।

बहरहाल, स्पीकर के तौर पर ओम बिरला की वापसी इस बात का संकेत है कि संसद वैसे ही चलेगी, जैसे पहले चलती रही है। विपक्षी पार्टियों ने स्पीकर के पद पर बहुत राजनीति की। उन्होंने भाजपा की सहयोगी पार्टियों को उकसाने का भी काम किया। लेकिन चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी और नीतीश कुमार की जनता दल यू ने विपक्ष की ओर से फेंका गया चारा नहीं निगला। वे चुपचाप पड़े रहे और सरकार का समर्थन किया। विपक्ष ने यह दांव भी चला कि सरकार परंपरा के मुताबिक डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष को दे तभी स्पीकर पद पर आम सहमति बनेगी। यह बात खुद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने टेलीफोन पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से कही। लेकिन सरकार ने इसकी अनदेखी की और ओम बिरला को स्पीकर का उम्मीदवार बनाया। विपक्ष ने प्रतीकात्मक रूप से कोडिकुन्निल सुरेश को उम्मीदवार बनाया लेकिन चुनाव के दौरान मत विभाजन की मांग नहीं की। पिछली लोकसभा में सांसदों को निलंबित करने का रिकॉर्ड बनाने वाले ओम बिरला से स्पीकर बन गए हैं और डिप्टी स्पीकर का पद पहले की तरह खाली रखा गया है। विपक्ष को डिप्टी स्पीकर का पद मिलने की संभावना नहीं दिख रही है।

इसी तरह दूसरा फैसला दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी है। संसद के सत्र के दौरान हुई गिरफ्तारी इस बात का संकेत है कि विपक्ष के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई में कोई ढील नहीं दी जाने वाली है। गौरतलब है कि केजरीवाल को दिल्ली की शराब नीति से जुड़े घोटाले में ईडी ने मार्च में गिरफ्तार किया था। उसके बाद 21 दिन की अंतरिम जमानत अवधि को छोड़ कर बाकी समय वे जेल में रहे। अप्रैल के पहले हफ्ते में ईडी की रिमांड खत्म होने के बाद ही कहा जा रहा था कि सीबीआई उनको हिरासत में लेगी। लेकिन सीबीआई ने उनको हिरासत में नहीं लिया।

जब निचली अदालत से उनको जमानत मिली और ऐसा लगा रहा था कि सुप्रीम कोर्ट से भी उनको जमानत मिल सकती है तब सीबीआई ने उनको गिरफ्तार करके रिमांड पर ले लिया। जाहिर है इसका मतलब उनको लंबे समय तक जेल में रखना है।

सरकार की नीतियों और कामकाज का उल्लेख

भारत के संसदीय लोकतंत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण की परंपरा वर्षों पुरानी है। संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक, लोक सभा के प्रत्येक आम चुनाव के बाद, पहले सत्र में सदस्यों के शपथ ग्रहण करने और सदन का अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद राष्ट्रपति दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करता है। यह अभिभाषण सरकार का नीति वक्तव्य होता है।

इसमें सरकार की नीतियों और कामकाज का उल्लेख रहता है, इसलिए सरकार के द्वारा ही इसके मसौदे को तैयार किया जाता है। परंपरा तो यह रही है कि इस सबसे गरिमापूर्ण औपचारिक कार्यवाही के दौरान विपक्ष शांतिपूर्ण ढंग से इसे सुनता है। अभिभाषण के बाद जब सदन में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होती है तो विपक्षी सांसदों को अपनी आपत्तियों और असहमतियों को दर्ज कराने का अवसर मिलता है लेकिन देखा जा रहा है कि कुछ वषी से राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान विपक्षी दलों के सांसद सदन में शोरगुल करते हैं और हंगामा बरपाते हैं। अठारहवीं लोक सभा में जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दोनों सदनों को संबोधित करते हुए मोदी सरकार के पिछले दस वषी के कामकाज और उपलब्धियों का जिक्रकिया तो विपक्षी दलों के सांसदों ने सदन में शोरगुल मचाना शुरू कर दिया। राष्ट्रपति को निवेदन करना पड़ा कि वे शांतिपूर्ण ढंग से उनके अभिभाषण को सुनें। राष्ट्रपति मुर्मू ने इस समय के सबसे ज्वलंत राष्ट्रीय मुद्दे के रूप में पेपर लीक की घटनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने पेपर लीक की घटनाओं को बहुत गंभीरता से लिया है और इसे रोकने के लिए कड़े उपाय कर रही है। जाहिर है कि पेपर लीक का मामला सीधे–सीधे देश के छात्र–छात्राओं के भविष्य के साथ जुड़ा हुआ है। निश्चित रूप से सरकार को ऐसे सख्त कदम उठाने चाहिए कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। राष्ट्रपति ने युवाओं की बात को आगे बढ़ाते हुए जब यह कहना शुरू किया कि सरकार की कोशिश है कि देश के युवाओं को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर मिले तो उनके इतना भर कहने पर विपक्ष के सदस्यों ने सदन के अंदर हंगामा करना शुरू कर दिया। उन्होंने पच्चीस जून, 1975 को देश की जनता पर आपातकाल थोपे जाने की घटना को संविधान और लोकतंत्र पर बड़ा हमला बताया।

थंगलान से सामने आई अभिनेता विक्रम की नई झलक, फिल्म की रिलीज की तारीख से भी उठा पर्दा!

अभिनेता विक्रम इन दिनों अपनी आगामी फिल्म थंगलान को लेकर चर्चा में हैं। यह इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। वहीं अब फिल्म के बारे में कुछ दिलचस्प जानकारियां सामने आई हैं। सोशल मीडिया पर इसकी रिलीज के बारे में कई चर्चाएं हैं। हालांकि, अभी तक फिल्म की आधिकारिक तौर पर रिलीज डेट का खुलासा नहीं किया गया है। वहीं इस बीच अब विक्रम ने फिल्म से अपनी नई झलक साझा की है, जिसने दर्शकों का उत्साह और बढ़ा दिया है।

अभिनेता विक्रम ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर थंगलान से एक मोनोक्रोम तस्वीर के जरिए अपनी नई झलक साझा की। तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, रोमांचक समय, थंगालान। तस्वीर में वे पगड़ी पहने और दाढ़ी रखे हुए दिखाई दे रहे हैं। वे कैमरे की तरह गंभीर भाव से घूर रहे हैं। अब दर्शकों को फिल्म पर मिले नए अपडेट पर खुशी हो रही हैं, क्योंकि कुछ दिनों से फिल्म की रिलीज में संभावित देरी होने की खबरें सामने आ रही थीं।

इस बीच चर्चा है कि फिल्म के निर्माताओं ने इसकी रिलीज के लिए भी तारीख तय कर ली है। हालांकि, फिल्मांकन पिछले साल पूरा हो गया था, लेकिन थंगलान की अभी तक कोई निश्चित रिलीज तिथि तय नहीं हुई है। वहीं सोशल मीडिया पर खबरें हैं कि अधूरी शूटिंग के कारण अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2: द रूल की रिलीज में देरी हो सकती है। इस संभावित देरी से थंगलान को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज किया जा सकता है।इस बीच चर्चा है कि फिल्म के निर्माताओं ने इसकी रिलीज के लिए भी तारीख तय कर ली है। हालांकि, फिल्मांकन पिछले साल पूरा हो गया था, लेकिन थंगलान की अभी तक कोई निश्चित रिलीज तिथि तय नहीं हुई है। वहीं सोशल मीडिया पर खबरें हैं कि अधूरी शूटिंग के कारण अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2: द रूल की रिलीज में देरी हो सकती है।

सनी देओल और गोपीचंद मालिनेनी की एसडीजीएम के शीर्षक से उठा पर्दा

सनी देओल को पिछली बार फिल्म गदर 2 में देखा गया था, जिसमें उनके काम को खूब सराहा गया। यह फिल्म 2023 की सुपरहिट फिल्मों में से एक है।फिलहाल सनी के हाथ में कई फिल्में हैं, जिनमें एक नाम गोपीचंद मालिनेनी के निर्देशन में बन रही फिल्म एसडीजीएम भी शामिल है।अब इस फिल्म के शीर्षक से पर्दा उठ गया है। सनी और गोपीचंद की फिल्म का नाम जट्ट है। फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, सनी और गोपीचंद की फिल्म का नाम जट्ट बताया जा रहा है। इस फिल्म को देश की सबसे बड़ी एक्शन फिल्म बताया जा रहा है।सनी का फिल्म में बेहद अलग अवतार देखने को मिलेगा। फिल्म में वह जबरदस्त एक्शन करते नजर आएंगे।रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जट्ट की शूटिंग शुरू हो गई है और सनी सितंबर तक फिल्म की शूटिंग खत्म करने वाले हैं। सनी के अलावा रेजिना कैसांद्रा और सैयामी खेर भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तडक़ा लगाती हुई नजर आएंगी।सनी और गोपीचंद ने इस फिल्म के लिए पुष्पा के निर्माताओं के साथ हाथ मिलाया है।यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।

पुर्तगाल ने पेनल्टी शूटआउट में स्लोवेनिया को हराकर यूरो कप के क्वार्टर फाइनल में मारी एंट्री

फ्रैंकफर्ट,क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने यूरो 2024 के राउंड ऑफ 16 में पेनल्टी शूटआउट में स्लोवेनिया को हराकर पुर्तगाल को यूरो 2024 के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया। पुर्तगाल ने सोमवार को यूरो 2024 में पेनल्टी शूटआउट से स्लोवेनिया को 3–0 से हराया। यह एक रोमांचक मुकाबला रहा। इस मुकाबले में निर्धारित समय में दोनों टीम गोल नहीं कर पाई, इसके बाद एक्स्ट्रा टाइम में भी स्कोर 0–0 रहा। हालांकि, रोनाल्डो के पास एक बड़ा मौका था लेकिन वो पेनल्टी चूक गए। इसके बाद यह स्टार खिलाड़ी काफी निराश नजर आया। लेकिन शूटआउट में उन्होंने पहला पेनल्टी स्कोर कर टीम को मजबूत शुरुआत दी। वहीं, पुर्तगाल के गोलकीपर डिएगो कोस्टा ने लगातार तीन गोल बचाए, जिससे पुर्तगाल ने स्लोवेनिया पर 3–0 से जीत हासिल की और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पुर्तगाल का सामना अगले दौर में टूर्नामेंट की पसंदीदा टीम फ्रांस से होगा, जिसने सोमवार को बेल्जियम को 1–0 से हराया था। कोस्टा, इस रोमांचक मुकाबले में पुर्तगाल के लिए हीरो रहे। उन्होंने जोसिप इलिसिक, जुरे बाल्कोवेक और बेंजामिन वर्बिक की लगातार तीन पेनल्टी शॉट बचाई। इस बीच, उनके साथी रोनाल्डो, ब्रूनो फर्नांडीस और बर्नाडी सिल्वा ने पेनल्टी को गोल में बदला, जिससे पुर्तगाल की 3–0 से जीत सुनिश्चित हुई और क्वार्टर फाइनल में जगह बनी। 24 वर्षीय कोस्टा ने मैच के बाद कहा, यह मेरे करियर का अब तक का सबसे अच्छा मैच हो सकता है। मैंने मैदान पर अपना बेस्ट दिया है। मैंने पेनल्टी शूटआउट के दौरान खुद पर भरोसा रखा। रिपोर्ट के अनुसार, पेनल्टी शूटआउट में अपने शानदार प्रदर्शन के अलावा, कोस्टा ने एक्स्ट्रा टाइम के अंतिम चरण में एक महत्वपूर्ण बचाव किया था। पुर्तगाल के कोच रॉबर्टो मार्टिनेज ने कोस्टा की प्रशंसा करते हुए कहा, कोस्टा हमारा सीक्रेट हथियार है। उसने इस रोमांचक मुकाबले में अपनी ताकत दिखाई।

ट्विंकल अरोड़ा के आरामदायक कपड़े ऑप टॉप, लूज पैंट हैं, डेट नाइट के लिए क्लासी पसंद

अभिनेत्री ट्विंकल अरोड़ा ने इस बात पर ज़ोर दिया है कि लोग फ़ैशन ट्रेंड के पीछे कैसे हद से ज़्यादा आगे निकल जाते हैं। उन्होंने अपने आरामदायक कपड़ों और डेट नाइट आउटफिट्स के लिए अपनी पसंद का खुलासा किया।

उड़ारियां में अपने काम के लिए मशहूर ट्विंकल का कहना है कि वह फ़ैशन ट्रेंड के पीछे नहीं भागती हैं। उनके लिए फ़ैशन के मामले में आराम सबसे ज़्यादा मायने रखता है। उन्होंने कहा फ़ैशन ट्रेंड बदलते रहते हैं और मैं उनमें से एक हूँ जो सक्रिय रूप से उनका अनुसरण नहीं करती। कभी–कभी मुझे लगता है कि यह एक मुश्किल काम है क्योंकि मैं फ़ैशन बैकग्राउंड से नहीं हूँ। इसलिए इसके साथ बने रहने के लिए मुझे प्रयास करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि एक अभिनेत्री के तौर पर उन्हें स्टाइल करने के लिए मजबूर नहीं किया जाता है, बल्कि वह मौके और जगह के हिसाब से कपड़े पहनने में विश्वास करती हैं। फैशन ट्रेंड के बारे में आगे बात करते हुए ट्विंकल ने कहाः कभी–कभी मैं देखती हूं कि लोग जो पहन रहे हैं, उसमें सहज नहीं हैं। लेकिन यही फैशन है। पहनने के बारे में फैसला करते समय आपको जिस चीज पर ध्यान देना चाहिए, वह है शान और आराम। आउटफिट चुनते समय ये दो चीजें मेरे मुख्य विचार हैं। ट्विंकल के आरामदायक कपड़े ढीले पैंट और ऑप टॉप हैं,

संन्यास के बाद जेम्स एंडरसन बनेंगे इंग्लिश टीम के गेंदबाजी मेंटर

नईदिल्ली, इंग्लैंड क्रिकेट टीम के दिग्गज गेंदबाज जेम्स एंडरसन वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ 10 जुलाई से शुरू होने वाले लॉर्ड्स टेस्ट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। वह पहले ही ये ऐलान कर चुके हैं।इस बीच खबर ये है कि एंडरसन संन्यास के बाद इंग्लिश टीम के साथ मेंटर के रूप में जुड़ेंगे। वह इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों को गेंदबाजी के गुर सिखाएंगे। इंग्लैंड के प्रबंध निदेशक रॉब की ने कहा, लॉर्ड्स टेस्ट के बाद जिमी हमारे साथ बने रहेंगे और एक मेंटर के रूप में हमारी मदद करेंगे। उनके पास इंग्लिश क्रिकेट को देने के लिए बहुत कुछ है। हम नही चाहते कि यह खत्म हो जाए। उनके पास बहुत सारे विकल्प होंगे। अगर वे खेल में बने रहना चुनते हैं तो इंग्लिश क्रिकेट बहुत भाग्यशाली होगा। एंडरसन इस समय काउंटी चैंपियनशिप में नॉटिंघमशायर के खिलाफ लंकाशायर के लिए खेल रहे हैं, लेकिन उनका प्रथम श्रेणी का भविष्य अनिश्चित है।

भारतीय क्रिकेट टीम जिम्बाब्वे का दौरा करने के लिए तैयार

नईदिल्ली, टी–20 विश्व कप 2024 का खिताब जीतने के बाद अब भारतीय क्रिकेट टीम जिम्बाब्वे का दौरा करने के लिए तैयार है।दोनों देशों के बीच 6 जुलाई से 5 टी–20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेली जाएगी।इसमें भारतीय टीम की कमान शुभमन गिल के हाथों में होगी और जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम का नेतृत्व सिकंदर रजा करेंगे। सीरीज से भारतीय टीम से प्रमुख खिलाडिय़ों को आराम दिया गया है।आइए सीरीज से जुड़ी सभी जानकारी और आंकड़ों पर नजर डालते हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की एक विज्ञप्ति में कहा गया है, भारतीय टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ 5 मैचों की टी–20 सीरीज में भाग लेने के लिए जुलाई के पहले सप्ताह में हरारे का दौरा करेगी।सीरीज के 5 मैच क्रमशः 6, 7, 10, 13 और 14 जुलाई को खेले जाएंगे। ये सभी मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब मैदान पर ही खेले जाएंगे।विशेष रूप से इन सभी टी–20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की शुरुआत भारतीय समयानुसार शाम 4:30 बजे से होगी।जिम्बाब्वे के दौरे के लिए अभिषेक शर्मा, रियान पराग, तुषार देशपांडे और ध्रुव जुरेल को पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया गया है। इन सभी ने इंडियन प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन किया था।भारतीय टीमः शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, स्तुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल, शिवम दुबे, रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार और तुषार देशपांडे।जिम्बाब्वे के चयनकर्ताओं ने कुछ कड़े फैसले लिए हैं और क्रेग एर्विन और सीन विलियम्स जैसे खिलाडिय़ों को बाहर कर दिया है। अंतुम नकवी को पहली बार टीम में शामिल किया गया है।

जिम्बाब्वे टीमः सिकंदर रजा (कप्तान), फराज अकरम, ब्रायन बेनेट, ज

एक नजर

रोटरी क्लब ने चिकित्सकों को किया सम्मानित

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : रोटरी क्लब की ओर से मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में रोटरी इंटरनेशल डे मनाया गया। इस दौरान दो डॉक्टर और एक सीए को सम्मानित किया। स्थानीय होटल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ रोटरी अध्यक्ष गुरूबचन सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रोटरी पेशेवर लोगों का विश्वव्यापी संगठन है, जो मानवीय सेवा, सभी व्यवसायों में उच्च नैतिक स्तर को बढ़ावा देने के लिए विश्वव्यापी रूप से एकजुट होकर कार्य कर रहा है। इस मौके पर डा. विजय कुमार मैठाणी, डा. एनपी पोखरियाल व सीए अवधेश अग्रवाल को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए शाल ओढ़ाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया ।

आक्रोश जताया

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर हिंदू समाज पर विवादास्पद बयान देने का आरोप लगाते आक्रोश व्यक्त किया। वहीं यमकेश्वर ब्लाक के ज्येष्ठ प्रमुख दिनेश भट्ट ने राहुल गांधी से इस बयान पर स्पष्टीकरण और माफी मांगने की मांग की है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नीलकंठ खंड के खंड कार्यवाह अल्केश कुकरेती ने नाराजगी जताई है। मंगलवार को उन्होंने एक प्रेस नोट जारी करते हुए कहा कि यह बयान अत्यंत निंदनीय और अस्वीकार्य है। यह बयान राहुल गांधी के हिंदू समाज के प्रति उनके गहरे पूर्वाग्रह और नफरत को दर्शाता है। हिंदू समाज ने हमेशा सहिष्णुता, अहिंसा और शांति का पालन किया है। यमकेश्वर ब्लाक के ज्येष्ठ प्रमुख दिनेश भट्ट ने भी राहुल गांधी के बयान पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यह बयान न केवल हिंदू समाज की गरिमा को ठेस पहुंचाता है, बल्कि यह उनके विचारों की संकीर्णता और पूर्वाग्रह को भी उजागर करता है। उन्होंने राहुल गांधी से इस बयान पर स्पष्टीकरण और माफी मांगने की मांग की है।

डॉ. नैथानी का किया सम्मान

श्रीनगर गढ़वाल : बार एसोसिएशन श्रीनगर के अधिवक्ताओं ने स्वास्थ्य और स्वच्छता के क्षेत्र में काम करने वाले डॉ. बीपी नैथानी को सम्मानित किया। बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड के सदस्य अर्जुन सिंह भंडारी, बार एसोसिएशन श्रीनगर के संरक्षक अनूप सिंह ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसडर डॉ. नैथानी लंबे समय से स्वास्थ्य सेवाएं देने के साथ पर्यावरण स्वच्छता के अभियान में लगातार जुटे हुए है। (एजेंसी)

आठ जुलाई से शुरू होगी पीजी प्रवेश परीक्षा

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि की आठ जुलाई से होने वाली पीजी प्रवेश 2024-25 की परीक्षाएं छः परीक्षा केंद्रों में होगी। विवि के सहायक कुलसचिव (परीक्षा) अरविंद कुमार ने बताया कि आठ जुलाई से 13 जुलाई तक 58 विषयों में होने वाली स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा चार पालियों में होगी। हरिद्वार, देहरादून, रुड़की, टिहरी, पौड़ी और श्रीनगर के परीक्षा केंद्रों में परीक्षा होगी। पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 7600 आवेदन मिले हैं। प्रवेश परीक्षा के लिए छात्रों के प्रवेश पत्र विवि की बेवसाइट पर डाल दिए गये हैं। छात्र-छात्राएं विवि की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। (एजेंसी)

अलकनंदा खतरे के निशान से तीन मीटर नीचे बह रही

श्रीनगर गढ़वाल : ऊपरी इलाके चमोली-रुद्रप्रयाग में भारी बारिश होने के चलते बुधवार सुबह श्रीनगर में अलकनंदा नदी का जलस्तर खतरे के निशान के नीचे बहते हुए 533.22 मीटर पर बहती दिखी। श्रीनगर में अलकनंदा नदी का खतरे का निशान 536 मीटर है। इसके साथ ही नदी का अलार्मिंग लेवल 535 मीटर है। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता विजय पाल कैंतुरा ने बताया कि रूद्रप्रयाग, चमोली जनपद में हो रही भारी बारिश अलकनंदा नदी के जल स्तर में वृद्धि हुई है। बताया कि अभी अलकनंदा नदी खतरे के निशान से तीन मीटर नीचे बह रही है। 15 जून से लेकर 15 अक्टूबर तक बरसात का समय रहता है। इस दौरान ऊपरी इलाकों में होने वाली बारिश के कारण नदी का जलस्तर बढ़ता है।जो एक सामान्य घटना है। (एजेंसी)

कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरी

श्रीनगर गढ़वाल : ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर मालढैया के पास मंगलवार को एक चालक कुत्ते को बचाने के चक्कर में वाहन से नियंत्रण खो बैठा। अनियंत्रित कार गड्ढे में जा गिरी। गनिमत रही कि कार अलकनंदा नदी की ओर जाने से बच गयी।

बरसात से निपटने के लिए योजना तैयार करें विभाग : डीएम

कोटद्वार पहुंचे जिलाधिकारी डा. अशीष चौहान ने ली अधिकारियों की बैठक

कोटद्वार में अधिकारियों की बैठक लेते जिलाधिकारी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने विभागीय अधिकारियों को वर्षा से निपटने के लिए योजनाएं तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

कहा कि अपनी जिम्मेदारियों के प्रति लापरवाही दिखाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। अधिकारी स्वयं धरातल पर पहुंचकर स्थिति के बारे में जानकारी लें। उन्होंने कण्वाश्रम मार्ग को बेहतर बनाने के भी निर्देश दिए। मंगलवार को कोटद्वार पहुंचे जिलाधिकारी ने प्रशासन, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, ऊर्जा निगम सहित अन्य विभागों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि वर्षाकाल विभागों के लिए एक चुनौती होती है। इसलिए हमें पूरी गंभीरता से इस चुनौती से लड़ना होगा। उन्होंने मालन पुल मरम्मत कार्य में की जा रही देरी पर भी नाराजगी व्यक्त की। कहा कि लोक निर्माण विभाग मरम्मत कार्य में तेजी लाए। जिससे आमजन को बेहतर लाभ मिल सकें। बरसात के दौरान कण्वाश्रम मार्ग को आवागमन के लिए खोला जाएगा। इसलिए इस मार्ग पर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए। कहा कि जितने भी निर्माण कार्य चल रहे हैं उनमें तेजी लाने की अति आवश्यकता है। डीएम ने सिचांई विभाग को नदियों के चैनलाइजेशन के कार्यों को भी शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही गबर सिंह कैंप में पुल निर्माण के लिए शीघ्र ही इस्टीमेट बनाकर कार्य शुरू करवाने के निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिए। कोटद्वार-दुगड्डा मोटर मार्ग को वर्षाकाल के लिए ज्यादा खतरा बताते हुए कहा कि ज्यादा वर्षा होने पर रामणी पुलिंडा मोटर मार्ग को वैकल्पिक मार्ग के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा। वर्षाकाल में डेंगू से निबटने के लिए स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के माध्यम से कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए। कहा कि डेंगू से निबटने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाना जरूरी है, ताकि लोगों को डेंगू की बीमारी से बचाया जा सके। कहा कि डेंगू की रोकथाम में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएग। लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। डीएम ने नगर निगम के अधिकारियों को शहर में वर्षाजल की निकासी के इंतजाम किए जाने के निर्देश दिए। इस मौके पर उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी, नगर आयुक्त वैभव गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक जया बलूनी, पुलिस क्षेत्राधिकारी विभव सैनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

अशासकीय विद्यालयों को मिले राजकीय विद्यालयों के समान सुविधा

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : अशासकीय प्रधानाचार्य परिषद ने अशासकीय विद्यालयों को राजकीय विद्यालयों की तरह सुविधाएं देने की मांग की है। कहा कि इसके लिए सरकार को योजना तैयार करनी चाहिए।

समस्या के संबंध में सदस्यों ने विधानसभा अध्यक्ष को ज्ञापन दिया। बताया कि अशासकीय माध्यमिक में प्रबंध समितियों के गठन हेतु विद्यालय प्रशासन योजना में संशोधन का आदेश किया जाना चाहिए। परिवर्तन किया जाएं कि प्रबंध समिति के साधारण सदस्य अथवा आजीवन सदस्य विद्यालय के सेवित क्षेत्रों में अध्ययनरत छात्रा-छात्राओं के अभिभावकों में से प्रबंधन समिति के साधारण, आजीवन सदस्य हेतु अर्ह माने जाए। जिससे बाहरी क्षेत्र के लोगों का अनवाश्यक हस्ताक्षेप न हो सकें। प्रधानाचार्य को विद्यालय प्रशासन योजना एवं विनियम में विशोषाधिकार का प्राविधान रखा जाएं। जिससे प्रधानाचार्य प्रबंध समिति के शोषण एवं उत्पीडन का शिकार न हो सकें। अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में डाउनग्रेड प्रधानाचार्य की नियुक्ति के संबंध में विभाग को नियुक्ति करने हेतु निर्देशित करें। बेहतर परीक्षाफल होने के बाद भी अशासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को सुपर सौ कार्यक्रम में प्रतिभाग करने से वंचित रखा जाता है। अशासकीय विद्यालयों के प्रांतीकरण किये जाने की स्थिति में कार्यरत तदर्थ शिक्षक एवं वर्ष 2016 के पश्चात पीटीए शिक्षकों की सेवाएं बाधित न की जाएं। इन्हें भी स्थाई शिक्षक एवं कर्मचारियों की भांति सेवा का लाभ दिया जाएं। इस मौके पर अध्यक्ष संजय सिंह रावत, जिला मंत्री दीनदयाल भारद्वाज, मनवर लाल भारती, पुष्कर सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

डूबी हुई रकम वापस नहीं मिलने पर जताया रोष

कोटद्वार में उपजिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजते सदस्य

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार ने उनकी डूबी हुई रकम अब तक वापस नहीं मिलने पर रोष व्यक्त किया है। कहा कि पूर्व में आश्वासन के बाद भी उनकी समस्या को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। पीड़ित परिवारों ने अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी कानून (बड्स एक्ट) 2019 के तहत उनकी डूबी हुई रकम वापस दिलवाने की मांग की है।

समस्या के संबंध में पीड़ित परिवारों ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। कहा कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार ने देश के प्रत्येक ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार की ठग कंपनियों और सोसाइटियों में डूब चुकी रकम को 180 दिनों के भीतर वापस दिलाने के लिए बड्स एक्ट 2019 लागू किया है। इसके तहत जिलाधिकारियों को भुगतान अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। लेकिन, अब तक उनकी धनराशि को वापस दिलवाने के लिए कोई गंभीरता नहीं दिखाई गई है।

कानून बनने के पांच वर्ष बाद भी धनराशि नहीं मिलने से पीड़ित परिवारों ने रोष व्यक्त है। जबकि, आम चुनाव में स्वयं प्रधानमंत्री ने जनसभाओं में ठगी पीड़ितों का धन वापस दिलवाने का वचन दिया था। कहा कि परिवारों की धनराशि वापस मिल सकें इसके लिए गंभीरत दिखाई जानी चाहिए। इस मौके पर सुखदेव सिंह शास्त्री, मुकेश बड़थ्वाल, कुलदीप सिंह, राजेंद्र कुमार, कल्पना रावत, इंदु बिष्ट, विजय लक्ष्मी, नीमा भंडारी, चंपा राणा, लक्ष्मी देवी आदि मौजूद रहे।

बार्डों में व्याप्त समस्याओं का करें निराकरण

महानगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : महानगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कोटद्वार नगर निगम के अंतर्गत विभिन्न वार्डों की समस्याओं के निराकरण की मांग की है। कहा कि नगर निगम बनने के बाद भी वार्डों की समस्याओं का निराकरण नहीं हो पाया है, जिस कारण वार्ड वासियों में रोष व्याप्त है।

इस संबध में मंगलवार को महानगर कांग्रेस अध्यक्ष संजय मित्तल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में सनेह क्षेत्र में 2017 में आई आपदा में बहेड़ा सोत के क्षतिग्रस्त पुल का शीघ्र निर्माण करने, सत्तीचौड़-मवाकोट मोटर मार्ग पर ग्वालगढ़ पुल के समीप नदी पर हुए अतिक्रमण की जांच करने, नगर निगम के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को बदलने, लालपानी क्षेत्र में जामुन स्त्रोत व हरि कृष्ण स्त्रोत की क्षतिग्रस्त दीवारों को ठीक करने, प्रत्येक वार्ड की क्षतिग्रस्त नहरों की मरम्मत कराने व मालन पुल के बनने तक भाबर वासियों के लिए सुरक्षा की दृष्टि से मजबूत वैकल्पिक मोटर मार्ग बनाने की मांग की गई है। चेतावनी दी गई है कि इन समस्याओं का निस्तारण न होने की स्थिति में कांग्रेस कार्यकर्ता आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

कोटद्वार में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते कांग्रेसी

हाईवे पर आ रहा मलबा, घंटों लग रहा जाम

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : वर्षाकाल के दौरान कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग का सफर चुनौती बन रहा है। हालत यह है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर कई स्थानों पर लगातार मलबा गिर रहा है। जिसके कारण घंटों जाम की स्थिति बन रही है। मंगलवार को भी राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों का लंबा जाम देखने को मिला।

दो दिन पूर्व हुई बारिश के दौरान कोटद्वार से करीब सात किलोमीटर आगे बरसाती रपटे के समीप पहाड़ी से भारी मलबा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गिर गया था। जिसकी चपेट में आने से एक मैक्स वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। साथ ही एक व्यक्ति की मौत भी हो गई थी। वहीं, आमसौड़ के समीप भी पहाड़ी से बोल्डर गिरने के कारण ट्रक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। ऐसे में बरसात के समय कोटद्वार से दुगड्डा तक 15 किलोमीटर का सफर चुनौती बन रहा है। मंगलवार को बरसाती रपटे के समीप दोबारा मलबा आ गया था। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग जेसीबी व पोकलेंड मशीनों से मलबा हटाने के कार्य में जुटा हुआ था। इस दौरान राष्ट्रीय राजामर्ग के दोनों ओर वाहनों का लंबा जाम लगा हुआ था। करीब दो घंटे बाद जब मलबा साफ हुआ तो यातायात शुचारु करवाया गया।

कोटद्वार- दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर मलबे के कारण बंद पड़ा यातायात

शिक्षा मंत्री के बयान का स्वागत

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : अनुसूचित जाति, जनजाति शिक्षक एसोसिएशन पौड़ी के जिला मंत्री जगदीश राठी ने शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के उस बयान का स्वागत किया है जिसमें उन्होंने शिक्षकों के तबादलों को काउंसलिंग के माध्यम से कराने की घोषणा की है। मंगलवार को जारी बयान में उन्होंने कहा कि यह कदम दुर्गम क्षेत्रों में कार्यरत शिक्षकों के लिए न्यायपूर्ण और पारदर्शी होगा। उन्होंने कहा कि काउंसलिंग प्रक्रिया से शिक्षकों के तबादलों में पारदर्शिता आएगी और इससे शिक्षकों के साथ भेदभाव की संभावनाएं कम होंगी। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि हर पांच वर्ष में शिक्षकों के अनिवार्य ट्रांसफर का प्रावधान होना चाहिए, ताकि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो सके और सभी शिक्षकों को विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने का अनुभव भी प्राप्त हो सके।

खतरे की जद में कौड़ियावासी, गदेरे की सफाई करवाने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : वर्षाकाल में एक बार फिर कौड़िया वासियों को पनियाली गदेरे से जान-माल का खतरा सताने लगा है। परिवारों ने शासन-प्रशासन से गदेरे की सफाई करवाते हुए क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट भी लगवाने की मांग उठाई।

वार्ड पार्षद सुभाष पांडेय के नेतृत्व वार्डवासियों ने जिलाधिकारी को पत्र भेजा। बताया कि शहर के बीच से गुजरने वाला पनियाली गदेरा प्रतिवर्ष वर्षा काल में तबाही मचाता है। पिछले कई वर्षों से गदेरे के कारण कई व्यक्ति असमय काल का ग्रास बन चुके हैं। साथ ही आबादी में पानी घुसने से परिवारों को भारी नुकसान झेलना पड़ता है। क्षेत्र को आपस में जोड़ने वाली पुलिया भी क्षतिग्रस्त स्थिति में पड़ी है। एक स्थान पर सुरक्षा दीवार भी टूटी हुई है। कहा कि इस वर्षाकाल में गदेरे से नुकसान न हो इसके लिए इसकी सफाई करवाई जानी चाहिए। साथ ही गदेरे के आसपास स्ट्रीट लाइट भी लगाई जानी चाहिए।

प्रति कुलपति की नियुक्ति को बताया नियम विरूद्ध

श्रीनगर गढ़वाल : विवि के छात्र संघ अध्यक्ष सुधांशु थपलियाल और आर्यन छात्र संगठन के आकाश रतूड़ी, नीरज पंचोली ने कहा कि गढ़वाल विवि की प्रति कुलपति की नियुक्ति नियम विरुद्ध की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रति कुलपति की सेवानिवृत्त के बाद भी उन्हें पद पर बिठाया गया है, जो कि नियम विरुद्ध है। कहा कि गढ़वाल विवि प्रशासन ने बैक परीक्षा फार्म भरने में भी फीस वृद्धि की गई है।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री कु0 दीक्षिका हमारे कहने सुनने में नहीं है और अपनी मर्जी से कहीं भी चली जाती है। मैं अपनी पुत्री कु0 दीक्षिका को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं, आज के बाद हमारा उससे कोई रिश्ता नहीं रह गया है। आज के बाद मेरी पुत्री कु0 दीक्षिका द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार रहेगी। उसके द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के कृत्य के लिए हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

नीलम देवी पुत्री स्व0 राम सिंह निवासी ग्राम ग्रास्टनगंज, पट्टी सनेह, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।

(0245/21)

समस्याओं पर आक्रोश, नौ को प्रदर्शन की चेतावनी

कोटद्वार में शहर की समस्याओं को लेकर चर्चा करते मंच के सदस्य

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : लगातार शिकायतों के बाद भी शहर की समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर नागरिक मंच ने आक्रोश व्यक्त किया है। कहा कि सरकारी सिस्टम की लापरवाही के खिलाफ मंच नौ जुलाई को निगम परिसर में प्रदर्शन करेगा। मंगलवार को व्यापार मंडल के सभागार में नागरिक मंच की बैठक आयोजित की गई। वक्ताओं ने कहा कि गत वर्ष वर्षाकाल के दौरान क्षेत्र को भारी नुकसान झेलना पड़ा था। उफान पर बनी नदियों के कारण काश्तकारों की कई बीघा भूमि बह गई थी। वहीं, मालन पुल भी नदी के तेज वेग की चपेट में आ गया था। ऐसे में होना तो यह चाहिए था कि शासन-प्रशासन जल्द से जल्द पुल मरम्मत व नदियों के किनारे सुरक्षा दीवार बनाता। लेकिन, अब तक यह कार्य अधर में ही लटका हुआ है। ऐसे में इस वर्ष भी आमजन को बाढ़ का प्रकोप झेलना पड़ेगा। कहा कि मालन पुल ढहने के बाद विकल्प के तौर पर प्रयोग किया जाने वाले मवाकोट-कण्वाश्रम मार्ग की स्थिति भी बदहाल पड़ी है। सदस्यों ने रोडवेज बस अड्डा निर्माण का भूमि पूजन होने के बाद भी कार्य प्रारंभ नहीं होने पर रोष व्यक्त किया। कहा कि आज भी रोडवेज बस अड्डा सड़क से ही संचालित हो रहा है। सदस्यों ने राष्ट्रीय राजमार्ग कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य मरम्मत कार्य समय से नहीं करवाने पर भी रोष व्यक्त किया। कहा कि वर्तमान में कोटद्वार–पुलिंडा मार्ग की भी मरम्मत करवाई जानी चाहिए, जिससे कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग बंद होने के बाद इसे विकल्प के तौर पर प्रयोग किया जा सकें। कहा कि वर्ष 2017 में पनियाली गदेरे के आसपास अतिक्रमण को चिह्नित किया गया था। लेकिन, अब तक इसे नहीं हटाया गया है। ऐसे में इस वर्ष भी पनियाली गदेरा आबादी में तांडव मचा सकता है। इस मौके पर मंच के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश नैथानी, महासचिव अतुल भट्ट, गोविंद डंडरियाल, राजेंद्र पंत, महावीर सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

प्रेस लिखे वाहन से कर रहे थे गांजे की तस्करी, दो गिरफ्तार

गांजे के साथ गिरफ्तार आरोपी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : प्रेस लिखी कार में गांजे की तस्करी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बरामद 102 किलो गांजे की कीमत करीब 25 लाख रुपये बताई जा रही है।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया।

पुलिस के अनुसार रिखणीखाल तिराहा बैंड पर वाहनों की चेकिंग चल रही थी। इस दौरान एक गाड़ी को रोककर जांच की गई। कार में दो लोग सवार थे। उनके कब्जे से करीब 102 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने वाहन को सीज करते हुए आरोपी वंश अग्रवाल, निवासी- एम 81 रामगंगा बिहार, फेस–2 गेट हाउस, थाना–मझोला, एमडीए मुरादाबाद, यूपी और रोहित शर्मा निवासी- हरथला सब्जी मंडी, थाना-सिविल लाइंस मुरादाबाद यूपी को गिरफ्तार करते हुए उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल अभियन्ता/ II / मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

टेन्डर संख्या दिनांक	25-DRM-MB-2024-25 Date 02.07.2024	59-DRM-MB-2024-25 Date 02.07.2024
कार्य का नाम	Provision to cover shed over LHS 46,48,31 (ON-BLM) in the section of SSE/ W/BLM under ADEN/ II/HRI	Provision of see through type PRC Sleeper fencing to prevent CRO in KUFAMG section under DEN/II/MB
टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/ समय	26.07.2024 16:00	26.07.2024 16:00
अनुमानित लागत	1,70,76,397.35	1,02,16,453.93
धरोहर राशि	2,35,400.00	2,01,100.00
बिडिंग स्टार्ट तिथि	12.07.2024	12.07.2024
ऑफर की वैधता	60 दिन	60 दिन
कार्य पूर्ण करने की अवधि	06 माह	06 माह

पत्रांक:- 74-W/2/3/WA/Publicationn दिनांक: 02.07.2024 1999/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

गढ़वाल विवि ने आईआईआरएफ रैंकिंग में 21वां स्थान प्राप्त किया

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नन्दन बहुगुणा विश्वविद्यालय ने अपनी आईआईआरएफ रैंकिंग में 2024 में उल्लेखनीय सुधार करते हुए देश के केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में 21वां स्थान प्राप्त किया हैं। बता दे कि आईआईआरएफ भारत में एक गैर सरकारी रैंकिंग ढांचा है। जिसे आईआईआरएफ सेन्टर फॉर इंस्टीट्यूशनल रिसर्च (आईसी आईआर) द्वारा लाया गया है।

रैंकिंग प्रदर्शन संकेतकों पर आधारित है। जिसमें अकादमिक उत्कृष्टता, अनुसंधान, प्लेसमेंट, कॉर्पोरेट इंटरफेस, शिक्षण सीखने और संसाधन और भविष्य की योजनायें शामिल रहती है। गढ़वाल विवि के कुलसचिव प्रो. राकेश डोढी ने बताया कि पिछले वर्ष की आईआईआरएफ रैंकिंग में गढ़वाल विवि को 926.93 के समग्र सूचकांक स्कोर के साथ देश के केन्द्रीय विश्वविद्यालय में 30वां स्थान प्राप्त किया था।

इस वर्ष 2024 में विश्वविद्यालय ने सभी मापदंडो में अपने स्कोर में काफी सुधार करते हुए 961.69 के समग्र स्कोर के साथ केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में 21वीं रैंकिंग प्राप्त की है। कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल ने रैंकिंग में उल्लेखनीय वृद्धि के लिए सभी छात्रों, शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों को बधाई दी है और उम्मीद व्यक्त की है कि यह रैंकिंग विश्वविद्यालय बिरादरी को कडी मेहनत करने और राष्ट्रीय रैंकिंग में और सुधार करने के लिए प्रेरित करेगा। (एजेंसी)

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे मुरादाबाद–244001 द्वारा निविदाकर्ताओ से निम्नलिखित मद के लिए इलेक्ट्रोनिक निविदा प्रणाली के अन्तर्गत भंडार की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र0 सं0	निविदा संख्या	माल का विवरण	मात्रा	बयाना राशि रू	अनुमानित मूल्य रू	निविदा खुलने की तिथि
01	97235206C	13 मोबाइल ट्रॉलियों की आपूर्ति एवं स्थापना (ओएसओपी मोबाइल कियोस्क के संदर्भ में)। विस्तृत विवरण एवं ड्राइंग संलग्न है (एनआईडी/अहमदाबाद द्वारा अनुमोदित ड्राइंग के अनुसार), 01 Nos. प्रत्येक स्टेशन यानी DDN, HW, RK, LRJ, NBD, HPU, BJO, MB, CH, BE, HRI, SPN, MK पर ट्रॉलियों की आपूर्ति और स्थापना की जाएगी।	13 नग	56160/-	2808000/-	24 July 24

नोटः– पूर्ण विवरण एवं निविदा शर्ते वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। सभी इच्छुक निविदाकर्ताओ को ई. टेंडर मे भाग लेने तथा पंजीकरण कराने के लिए भारत सरकार आईटी अधिनियम 2000 के तहत प्राधिकृत प्रमाणित एजेंसी से क्लास III डिजिटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नही किया है) प्राप्त मान्य होगा। मेनुअल निविदा स्वीकृत नही की जायेगी। पत्र. सं0: 50-S/LP/2024 दिनांक 02.07.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2003/24

एक नजर

प्राथमिक कक्षा में आने से पहले बच्चों को सिखाई जाएगी मातृभाषा

रुद्रप्रयाग : पूर्व प्राथमिक कक्षाओं में बच्चों को अब अपनी मातृभाषा सिखाई जाएगी। इसके लिए मंगलवार को डायट रतूड़ा द्वारा विकसित बिज्वाड़ पुस्तिका के प्रथम अंक का विमोचन कर दिया गया। गढ़वाली शिक्षक संदर्शिका बिज्वाड़ का उद्देश्य बच्चों में अपनी मातृभाषा को सीखने के प्रति रूचि पैदा करना है। डाइट रतूड़ा सभागार में विमोचन कार्यक्रम के मौके पर मुख्य अतिथि रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी ने दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक भरत सिंह चौधरी, अति विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह और विशिष्ट अतिथि मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेन्द्र कुमार बिष्ट, नगर मंडल अध्यक्ष भाजपा पार्वती गोस्वामी, प्रभारी प्राचार्य डाइट रतूड़ा हरि बल्लभ डिमरी द्वारा किया गया। बताया गया कि यह शिक्षक संदर्शिका राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्यों पर आधारित पूर्व प्राथमिक कक्षाओं (आंगनवाड़ी) की शिक्षिकाओं के लिए जनपद की क्षेत्रीय लोक भाषा गढ़वाली में लिखी गई है। (एजेंसी)

केदारनाथ पैदल मार्ग पर यात्री की मौत

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ पैदल मार्ग पर एक यात्री की अचानक तबियत बिगड़ने से मौत हो गई। मध्य रात्रि को डीडीआरएफ और वाईएमएफ की संयुक्त टीम द्वारा बेहोशी की हालत में यात्री को गौरीकुंड अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार सोमवार रात 8:30 मिनट पर केदारनाथ पैदल मार्ग में 69 वर्षीय पंजाबराव नानासाहेब बस्ते निवासी शिंदवड ता दिंडोरी नाशिक महाराष्ट्र की मोरपानी में पहुंचते ही अचानक तबियत बिगड़ गई। देखते ही वह मार्ग में ही बेहोश हो गए। इसकी सूचना आसपास द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना के बाद शीघ्र ही डीडीआरएफ और वाईएमएफ की टीम स्टेक्चर से यात्री को बेहोशी की हालत में ही गौरीकुंड लाए। जहां डॉक्टरों द्वारा यात्री को मृत घोषित कर दिया गया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि मृत यात्री के शव को एम्बुलेंस द्वारा गौरीकुंड से जिला चिकित्सालय भेज दिया गया है जहां पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा जाएगा। (एजेंसी)

तहसील दिवस में 6 समस्याएं दर्ज, दो निस्तारित

रुद्रप्रयाग : रुद्रप्रयाग में मंगलवार को तहसील दिवस में छह समस्याएं दर्ज की गई। दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती ने कहा कि क्षेत्रीय जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना तहसील दिवस का उद्देश्य है। गहड़खाल गांव के सुरेंद्र सिंह ने गांव के कालोगढ़ से बड़कोट तक पेयजल पाइप लाइन और चैंबर टूटने, बेड़ासारी निवासी अनिल लाल ने विजयनगर झूला पुल से भिनकुली तीली तक सड़क निर्माण करने, फलासी गांव की अंजना ने उनके पेयजल कनेक्शन पर पानी न आने की शिकायत की। फतेहपुर गांव के प्रदीप चंद्र ने फतेहपुर पेयजल योजना को पुराने स्रोत से ही नव निर्माण कराने की मांग रखी। सीडीओ ने बताया कि तहसील दिवस को अब मुख्यमंत्री जन समर्पण दिवस के रूप में आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान एसडीएम आशीष चन्द्र घिल्डियाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

संभावित आपदा को लेकर अलर्ट मोड पर रहें अफसर : डीएम

नई टिहरी : भिलंगना ब्लॉक के तहसील मुख्यालय में मंगलवार को डीएम मयूर दीक्षित की अध्यक्षता मानसून सीजन में संभावित आपदाओं के मद्देनजर व्यवस्थाओं को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डीएम सभी अधिकारियों को संभावित आपदा के लिए सतर्क रहने तथा क्षेत्र भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेने के निर्देश दिए। तहसील मुख्यालय में आयोजित बैठक में उपस्थित घनसाली विधायक शक्ति लाल शाह ने कहा कि आपदा की दृष्टि से घनसाली सबसे संवेदनशील क्षेत्र है। मानसून सीजन में सभी अधिकारी-कर्मचारी अलर्ट मोड में रहें तथा अपने फोन को 24 घंटे ऑन रखें। डीएम दीक्षित ने कहा कि आपदा के दौरान रिस्पांस टाइम कम से कम हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं जांच लें। उन्होंने सभी बीईओ व प्रधानाचार्यों को भारी बरसात, नाला गदेरो के बढ़ने आदि गंभीर स्थितियों में बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत अपने स्तर से स्कूलों में अवकाश घोषित करने के निर्देश दिए। साथ ही तहसीलदार घनसाली और चमियाला को नगर पालिका क्षेत्र में समस्त नालियों को चेक करने, जल संस्थान को नालियों के ऊपर बिछी पाइपों को प्राथमिकता पर उठाकर लगाने, समस्त ग्राम विकास अधिकारी क्षेत्र भ्रमण करने तथा बिना अनुमति के अधिकारियों को छुट्टी पर ना जाने के निर्देश दिए। (एजेंसी)

किसानों से प्राकृतिक खेती की ओर लौटने की अपील

जयन्त प्रतिनिधि।

थलीसैंण : विकासखंड थलीसैंण के किसान सूचना केंद्र में कृषि विभाग द्वारा आतमा योजनांतर्गत खरीफ फसल को लेकर कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में विभिन्न ग्रामों के 70 कृषकों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर वैज्ञानिकों ने किसानों से अपील की कि वे प्राकृतिक खेती को अपनाएं। उन्होंने कहा कि रासायनिक खादों को अंधाधुंध प्रयोग खेती को बेकार कर देगा।

गोष्ठी में कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, रीप परियोजना के अधिकारियों/कर्मचारियों एवं कृषि विज्ञान केंद्र भरसार से आए विज्ञानिकों द्वारा कृषकों को कृषि एवं पशुपालन संबंधी जानकारी दी गई। डॉ. अरदीप ने कृषकों को प्राकृतिक खेती के संबंध में जानकारी देते हुए बीजामृत, घनबीजामृत बनाने की विधि बताई गई। डॉ. दीपिका चौहान ने कृषकों को मशरूम उत्पादन की जानकारी दी। साथ ही बीज शोधन के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि गौमूत्र एवं छांछ के उपयोग से कीटों को नियंत्रित किया जा सकता है। नरेन्द्र सिंह मेहता विकास खंड प्रभारी (कृषि) थलीसैंण द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं किसान क्रेडिट कार्ड के बारे में कृषकों को जानकारी दी गई। पशुपालन से राहुल (फार्मासिस्ट) द्वारा बीमा, वैक्सीनेशन आदि के संबंध में बताया गया। इस मौके पर मोहित गुसाईं सहित ग्राम प्रधान व्यासी, ग्राम प्रधान पोखरी एवं ग्राम प्रधान कपरोली आदि मौजूद रहे।

एकल महिलाओं को स्वरोजगार के लिए मिलेगी सहायता

देहरादून। मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना का लाभ 18 से लेकर 50 साल तक एकल महिलाओं को मिलेगा। योजना को लागू करने के लिए विभाग के पास दस करोड़ रुपए का सेस जमा हो चुका है। प्रदेश सरकार एकल महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए लंबे समय से मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना लागू करने की तैयारी कर रही है। योजना की रूप रेखा तय करने के लिए वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल की अध्यक्षता में उप समिति का गठन किया गया है। मंगलवार को विधानसभा में आयोजित उप समिति की बैठक के बाद वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि आबकारी विभाग से प्राप्त होने वाले अतिरिक्त शुल्क के जरिए मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना के लिए दस करोड़ रुपए की धनराशि आवंटित की गई।

तहसील दिवस पर 11 शिकायतें दर्ज, एक निस्तारित

जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण : तहसील दिवस में थलीसैंण में उपजिलाधिकारी ने लोगों की समस्याएं सुनीं। तहसील दिवस पर यहां ग्यारह शिकायतें दर्ज हुईं और एक का मौके पर निस्तारण किया गया।

मंगलवार को थलीसैंण तहसील में आयोजित तहसील दिवस में उपजिलाधिकारी श्रीमती नुपुर वर्मा ने लोगों की समस्याएं सुनीं। इस मौके पर लोगों ने पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, सड़क की 11 शिकायतें दर्ज कराई। एसडीएम ने राजस्व विभाग की एक शिकायत का मौके पर निस्तारण किया। साथ ही अन्य शिकायतें संबंधित विभागों को एक सप्ताह के अन्दर निस्तारित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर तहसीलदार थलीसैंण धीरज सिंह राणा, नायब तहसीलदार आनंदपाल, खंड विकास अधिकारी टीकाराम कोटियाल एवं अन्य सभी विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

एनएसयूआई ने किया डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

–परीक्षाओं और दाखिलों में हो रही अनियमितताओं पर रोक लगाने की मांग

देहरादून। एनएसयूआई ने प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी के नेतृत्व में मंगलवार को डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को एक ज्ञापन भी भेजा। जिसमें परीक्षाओं और दाखिलों में हो रही अनियमितताओं पर रोक लगाने की मांग की गई। विकास नेगी ने कहा कि परीक्षाओं का बार बार लीक होना और अनियमितताओं ने उन लाखों छात्रों के भरोसे को तोड़ दिया है जो पारदर्शिता और निष्पक्षता पर अपना भविष्य बनाने की इच्छा रखते हैं। कहा कि उत्तराखंड प्रदेश के छात्रों एवं अभिभावकों पर प्रदेश के कॉलेज की ओर से दी जाने वाली हॉस्टल की सुविधा एवं बस सुविधा अनिवार्य रूप से लेने का दबाव बनाया जा रहा है। जो की गलत हैं। कहा कि पेपर लीक होने से मेहनत करने वालों का मनोबल टूट जाता है। कहा कि निजी शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लेने वाले छात्रों एवं अभिभावकों पर कॉलेज की ओर से दी जाने वाली हॉस्टल की सुविधा एवं बस सुविधा अनिवार्य रूप से लेने का दबाव बनाया जा रहा है तथा ये सुविधायें नहीं लेने पर प्रवेश देने से मना किया जा रहा है। शिक्षण संस्थानों द्वारा यह भी कहा जा रहा है कि यह सुविधा चाहे एक माह के लिए ली जाय परन्तु फीस पूरे वर्षभर की देनी होगी तभी प्रवेश दिया जाएगा। इस अवसर में कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता संदीप चमोली,एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप तोमर, अभय कात्युरा, सोनाली, निकालशी, बसंत, अतुल पंवार, हिमांशु घाघट आदि छात्र मौजूद रहे।

बेरोजगार संघ ने शिक्षा विभाग पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

देहरादून। उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार ने मंगलवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता कर शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। आरोप लगाया कि उत्तराखंड में युवाओं के भविष्य को बेचने का खेल फिर से शुरू हो गया है। बेरोजगार संघ इसका पुरजोर विरोध करेगा।

अध्यक्ष बॉबी पंवार ने कहा कि शिक्षा विभाग में ऐसे अपर निदेशक को माध्यमिक शिक्षा निदेशक बनाया गया, जिस पर भ्रष्टाचार के चार आरोप सिद्ध हैं। कहा शिक्षा विभाग के कुछ आलाधिकारी वसूली एजेंट के रूप में कार्य कर रहे हैं। बीआरपी और सीआरपी के 955 पदों को भरने के लिए एक बाहरी कंपनी का चयन किया गया, यह कंपनी मानक पूरे नहीं करती हैं, जबकि उत्तराखंड की एक कंपनी जो मानक पूरे करती है, उसे बाहर किया गया।

वरिष्ठ अफसर जन सुविधाओं से जुड़े कार्यालयों का औचक निरीक्षण करें

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में परिवहन विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि यह सुनिश्चत किया जाए कि लोगों को लाइसेंस के लिए आवेदन करने और स्लॉट मिलने में परेशानी न हो। आरटीओ ऑफिस के आस-पास कॉमन सर्विस सेंटर की व्यवस्था की जाए। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने, परिवहन निगम की बसों के बेड़े के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान देने को कहा। पुरानी बसों के स्थान पर नई बसों की व्यवस्था के साथ ही मैदानी मार्गों में सीएनजी और इलेक्ट्रिक बसों की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाने की बात मुख्यमंत्री ने कही।

मुख्यमंत्री ने शासन के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे समय-समय पर जन सुविधाओं से जुड़े कार्यालयों का औचक निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग पिछले तीन सालों में किये गये 10 महत्वपूर्ण कार्यों और जुलाई 2026 तक विभागों को 10-10 कौन से महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण करने हैं, इसका स्पष्ट ब्यौरा उपलब्ध करायें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि बेहतर एवं सुगम नागरिक केन्द्रित सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। ऑनलाईन सेवाओं को व्यावहारिक बनाने की दिशा में और प्रयास किये जाने, सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को निरंतर जागरूक किये जाने, ऑनलाईन माध्यम से चालान की प्रक्रियाओं पर अधिक ध्यान दिये जाने के साथ यातायात के नियमों का अनुपालन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये। बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य में वाहनों की फिटनेस के लिए 04 आटोमेटिड टेस्टिंग स्टेशन की स्थापना की गई है, जबकि 07 पर कार्यवाही गतिमान है। सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए 13 इन्टरसेप्टर वाहनों एवं 30 बाईक स्क्वैड की तैनाती की गई है। हल्द्वानी में चालक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना की जा रही है। राज्य में 04 ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक की स्थापना की जा चुकी है, जबकि 07 पर प्रक्रिया गतिमान है। बैठक में उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद विश्वास डाबर, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम एवं परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

गर्भवती माताओं का ट्रेकिंग सिस्टम अपडेट रखें : सीएम

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि बच्चों में कुपोषण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जच्चा और बच्चा दोनों का स्वस्थ रहना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य में आंगनबाड़ी कार्यकत्री और एएनएम के माध्यम से गर्भवती माताओं का ट्रेकिंग सिस्टम अपडेट रखा जाए। एनीमिया की कमी को दूर करने के लिए महिलाओं को मिलेट्स की उपलब्धता सुनिश्चत की जाए। आंगनबाड़ी के माध्यम से बच्चों और माताओं को दिये जाने वाले पुष्टाहार की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। पुष्टाहार की आकस्मिक रूप से गुणवत्ता जांच भी की जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि कुपोषण से मुक्ति, मातृ-शिशु मृत्यु दर को और कम करने के लिए राज्य के कुछ गांवों को आकांक्षी गांवों के रूप में लिया जाए। कुपोषण से मुक्ति के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को आपसी समन्वय के साथ संचालित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत राज्य में बालिकाओं को बेहतर शिक्षा और आत्मनिर्भर बनाने के लिए बनाई गई योजनाओं को और अधिक व्यवहारिक बनाया जाय। महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिलाओं के कौशल विकास पर भी विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये। बैठक में उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद विश्वास डाबर, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, चन्द्रेश यादव, निदेशक महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास प्रशांत आर्य उपस्थित थे।

नये कानूनों को लेकर किया जागरूक

जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण : देश में लागू हुए नए कानून को लेकर थलीसैंण थाना परिसर में मंगलवार को गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में थाना प्रभारी सुनील पंवार ने बताया गया कि नए कानून के लागू होने के बाद पूरे देश में अब भारतीय दण्ड संहिता की परिभाषा बदल गई है, कई धाराओं में बदलाव किया गया है, जिसकी जानकारी आम लोगो तक पहुंचाने के लिए सीधा संवाद किया जा रहा है। गोष्ठी के दौरान थाना प्रभारी सुनील पंवार ने बताया कि आम जनता को इस बात की ठीक तरीके से जानकारी होनी जरूरी है कि अब उनके अधिकार क्या है, सरकार ने जो परिवर्तन अब किया है उसके तहत कई धाराएं बदल गई है, इसलिए जनता को जब तक पता नहीं होगा कि उनके भारतीय दण्ड संहिता में किस धारा का प्रयोग कब होता है तो वे न्याय नहीं पा सकेंगे। इस दौरान उपस्थित लोगों को यातायात नियमों, साइबर ठगी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

अभ्यास वर्ग में संगठन की मजबूती पर जोर

रुद्रप्रयाग : मुख्यालय में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल का एक दिवसीय अभ्यास वर्ग संपंन हो गया। इस मौके पर कई सदस्यों को जिम्मेदारियों दी गई। साथ ही संगठन की मजबूती पर जोर दिया गया। नगर स्थित मधुर मिलन वैडिंग प्वांइट में आयोजित कार्यक्रम विहिप के जिलाध्यक्ष भरत रावत की अध्यक्षता में संपंन हुआ। कार्यक्रम में विहिप के प्रांत मंत्री धीरेंद्र शर्मा और विभाग मंत्री वेद प्रकाश ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। अतिथियों द्वारा संगठन की मजबूती और इसके विस्तार को लेकर कार्यकर्ताओ से संवाद किया गया। उन्होंने कहा कि हिन्दू संगठनों को अपने धार्मिक और नैतिक मूल्यों के संरक्षण और संवर्धन के लिए लिए निरंतर प्रयास करने चाहिए। (एजेंसी)

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने की मजिस्ट्रेटी जांच की मांग

नई टिहरी : डीएम से इसमें मजिस्ट्रेटी जांच की मांग करते हुए कहा कि कार का जब संतुलन बिगड़ा तो वह पैराफिट पर टकराई। जिससे दुर्घटना स्थल पर एक साथ तीन पैराफिट टूट गए। जिससे स्पष्ट है कि यह सभी पैराफिट बहुत कमजोर थे। जिनमें घटिया गुणवत्ता की सामग्री लगाई गई थी। बताया कि करीब चार माह पूर्व लोनिवि ने 22 किमी लंबे उक्त मोटर मार्ग पर सुरक्षा की दृष्टि से यह सभी पैराफिट बनाए थे। जिनके निर्माण में करोड़ों रुपये का खर्चा किया गया। यह मार्ग सेम-मुखेम धाम का प्रमुख मोटर मार्ग है। जिससे प्रत्येक दिन सैकड़ों श्रद्धालु आवागमन करते हैं। ऐसे में जनहित में इस मोटर मार्ग पर हुए निर्माण कार्यों और वाहन दुर्घटना की तकनीकी और मजिस्ट्रेटी जांच कराई जाए। (एजेंसी)

920 मतदान कार्मिकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न

चमोली : विधानसभा उप चुनाव को शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराए जाने को लेकर मंगलवार को पीजी कालेज में 511 मतदान कार्मिकों एव माइक्रो ऑब्जर्वरों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दूसरे दिन 118 मतदान पार्टियों के पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सहित 39 माइक्रो ऑब्जर्वर को दो पालियों में मतदान का सामान्य प्रशिक्षण एवं ईवीएम का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इनमें महिला बूथ के 8 महिला कार्मिक व दिव्यांग बूथ के 8 दिव्यांग कार्मिक शामिल हैं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनरों ने मतदान अधिकारियों को उनके कार्य व दायित्वों के साथ-साथ मॉक पोल, सिलिंग और वास्तविक मतदान, मतदान समाप्ति के बाद प्रपत्रों की पैकेटिंग से संबंधित प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी। वहीं ईवीएम के व्यवहारिक प्रशिक्षण में मतदान की संपूर्ण प्रक्रियाओं से अवगत कराते हुए सीयू, बीयू व वीवीपैट के संयोजन एवं कार्यप्रणाली की जानकारी दी गयी।

पोलिंग पार्टियों की सुरक्षित आवाजाही के लिए तैयार रखे आकस्मिक प्लान

वर्षात को देखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए निर्देश

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : बद्रीनाथ विधानसभा उप निर्वाचन के दौरान भारी वर्षात की संभावना को देखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने मंगलवार को सभी नोडल अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि चुनाव के दौरान आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए प्लान-बी के रूप में कार्ययोजना तैयार की जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि वर्षात के मौसम में भूस्खलन और जल भराव से सड़क मार्गों के अवरूद्ध होने की प्रबल संभावना है। उन्होंने निर्देशित किया कि सड़क मार्गों पर संवेदनशील स्थलों को चिन्हित करते हुए पर्याप्त संख्या में श्रमिक और जेसीबी तैनात की जाए। चिन्हित स्थलों पर पोलिंग पार्टियों के पारगमन के लिए दोनों ओर से आवश्यक संख्या में वाहनों को तैनात रखा जाए। सभी वाहनों पर जीपीएस की व्यवस्था रहें। अपरिहार्य परिस्थितियों से निपटने के लिए वैकल्पिक मार्गों को भी चिन्हित करें। ब्लॉक अधिकारी मतदेय स्थलों के पैदल मार्गो को दुरुस्त रखें। बारिश में मतदान कर्मियों, सुरक्षा बलों और ईवीएम एवं अन्य मतदान सामग्री की सुरक्षा के लिए रेनकोट, बरसाती की समुचित व्यवस्था की जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि बूथ हेल्थ मैनेजमेंट प्लान को अपरिहार्य परिस्थितियों के अनुरूप बनाया जाए। एम्बुलेंस एवं आवश्यक औषधि सहित प्रत्येक क्षेत्र में चिकित्सा दलों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। मतदेय स्थलों पर विद्युत, पेयजल, क्यू-शेड के साथ ही मतदान कार्मिकों के ठहरने हेतु वैकल्पिक व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोनिवि, आरडब्लूडी, पीएमजीएसवाई, बीआरओ तथा सड़क मार्ग से संबंधित अन्य विभाग, विद्युत, पेयजल, चिकित्सा, आपदा प्रबंधन और तहसील प्रशासन को आपस में निरंतर समन्वय रखते हुए अपरिहार्य परिस्थिति से निपटने हेतु प्लान के साथ सजग और सर्तक रहने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव शाह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश, पोखरी एसडीएम कमलेश मेहता, जोशीमठ एसडीएम सीएस बशिष्ठ, लोनिवि के अधिशासी अभियंता राजवीर सिंह चौहान, ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अला दिया, आपदा प्रबंधन अधिकारी एनके जोशी, चुनाव व्यवस्थाओं से जुड़े सभी नोडल अधिकारी सहित सड़क, विद्युत, पेयजल, परिवहन आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com